हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, सोमवार 11 मई 2026

भारत सरकार
सोमनाथ
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है। 1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर, प्रभास पाटन | 8 से 11 मई, 2026
"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
सोमनाथ की दिव्यता एवं भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
D-11020/26
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

भोपाल
सोमवार, 11 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -9
वर्ष : 13, अंक : 39
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 41
न्यून. 27

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय राज्यमंत्री पेम्मासानी ने कहा
देश में 2500 किलोमीटर की नई सड़कें और बनेंगी

प्रोजेक्ट का रिमोट से शुभारंभ करते हुए

सीएम भैरुंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जन-मन) के कार्यों के शुभारंभ समारोह में बोले

पीएमजीएसवाय में प्रदर्शन की तीन कैटेगरी में मप्र देश में पहले एवं दूसरे स्थान पर

ग्रामीण कनेक्टिविटी के मामले में मप्र देश में पहले स्थान पर पहुंचा

- ***छोटे-बड़े कस्बों, गांव देहात, टोले-मजरे और अंतिम छोर तक पहुंचीं पक्की सड़कें***
- ***प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए मध्यप्रदेश को 2055 करोड़ रु. की मदद मंजूर***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक योजना ही पूरे देश के ग्रामीण इलाकों की तकदीर बदल सकती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने यह संभव कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश ग्रामीण ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने पुष्प वर्षा कर जनता का स्वागत किया

गांव देहात की सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की आधार रेखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गांव-देहात की सड़क एक रास्ता भर नहीं होती, यह विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की आधार रेखा होती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश के गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। पीएमजीएसवाय-फोर ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में मील का पत्थर सिद्ध ▶▶ शेष पेज 4 पर

शिवराज ने पीएम-जन-मन योजनाओं के स्वीकृति आदेश मुख्यमंत्री को सौंपे

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने पीएमजीएसवाय-फोर एवं पीएम-जन-मन योजनाओं के स्वीकृति आदेश मुख्यमंत्री को सौंपे। इसके तहत उन्होंने मप्र को वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित निधि का 830 करोड़ रुपए सांकेतिक आवंटन मुख्यमंत्री को सौंपा। इस दौरान देश के अन्य राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को डिजिटल माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए पीएमजीएसवाय से संबंधित निधि 18 हजार 907 करोड़ रुपए का सांकेतिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

देशभर में 1 लाख 7 हजार से अधिक ग्रामीण बस्तियों को मुख्य सड़क से जोड़ा जा चुका

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से गांव और शहर की दूरी कम हुई है। आज किसान अपना अनाज शहर की मंडियों में बेच रहा है। गर्भवती महिलाएं समय पर अस्पताल और बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल जा रहे हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय फील्ड में जाकर बेहतर कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री ने देश में तीन करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का संकल्प लिया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-4 में हम देश में 2500 किलोमीटर की नई सड़कें बनाएंगे और बस्तियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं.
1

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड
महोली खोजड़ की प्राईम लोकेशन
में झयवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल,
मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
पीबीकेएस डीसी
शाम 7.30 बजे से

हैदराबाद में विकास और राजनीति का एक दिलचस्प नजारा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री मोदी के पुराने कामों की तारीफ की

तो, पीएम मोदी ने दिया रेवंत को ऑफर .....उनसे बेहतर है कि आप मुझसे जुड़ें

पीएम ने कहा कि आपको उतना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं, जितना भारत सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में गुजरात को दिया है

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बीच रविवार को दिलचस्प संवाद देखने को मिला। दरअसल, एक कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी ने गुजरात मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी की मदद की थी, वैसे ही पीएम मोदी भी तेलंगाना को आशीर्वाद दें और विकास में साथ दें। इस पर पीएम मोदी ने मजाकिया लहजे में कहा कि अगर मैं गुजरात वाला फॉर्मूला (उस समय की केंद्र सरकार द्वारा दी गई मदद) लागू कर दूं, तो तेलंगाना को आज जो मिल रहा है, वह आधा हो जाएगा। कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब, रेवंत ने कहा था कि हम राजनीति के बारे में बात नहीं करेंगे, इसलिए मैं भी इस बारे में बात नहीं करूंगा और इसलिए, मैं रेवंत रेड्डी से गैर-राजनीतिक मामलों पर बात करूंगा और इसलिए, मैं यह कहना चाहूंगा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

सुनते ही मंच पर हंस पड़े तेलंगाना के सीएम

पीएम मोदी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

पीएम बोले

- जैसे ही मैं मदद करूंगा आपको जो कुछ भी मिल रहा है, वह आधा रह जाएगा
- आप जहां भी पहुंचना चाहते हैं, वहां पहुंच नहीं पाएंगे

सीएम विजय को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय को उनके शपथ ग्रहण पर बधाई देते हुए राज्य के विकास के लिए केंद्र के पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। हालांकि, इस बधाई के साथ ही पीएम ने विजय की पार्टी टीवीके की सहयोगी कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

तेलंगाना में 9,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

पीएम मोदी ने रविवार को हैदराबाद के एचआईसीसी में डिजिटल माध्यम से तेलंगाना में लगभग 9,400 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

कांग्रेस को परजीवी और धोखेबाज बताया

पीएम मोदी ने तमिलनाडु की राजनीति में आए हालिया बदलावों के बीच कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे परजीवी और पीठ में छुरा घोंपने वाली पार्टी करार दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 से पहले यूपीए सरकार को चलाने में डीएमके ने बड़ी भूमिका निभाई थी, लेकिन राजनीति का रुख बदलते ही कांग्रेस ने अपने पुराने साथी को धोखा दे दिया। कांग्रेस अब प्रासंगिक बने रहने के लिए नई बैसाखियों की तलाश में है। डीएमके ने भी कांग्रेस की इस अवसरवादी राजनीति की आलोचना करते हुए उसे विश्वासघाती बताया है।

फिल्मी अंदाज में थलापति विजय शपथ लेते हुए

थलापति का 'विजय' तिलक
'बाहुबली' स्टाइल में ली शपथ थलापति-थलापति के नारे गूंजे

- ***मुख्यमंत्री बनते ही एक्शन में विजय, पहला ऑर्डर 200 यूनिट बिजली फ्री***
- ***बोले विजय- मैं कोई फरिश्ता या चमत्कारिक पुरुष नहीं, साधारण आदमी हूं***

विजय और राहुल गांधी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने रील और रियल लाइफ के अंतर को पूरी तरह मिटा दिया। सुपरस्टार थलापति विजय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दौरान स्टेडियम का माहौल किसी विशाल फिल्म सेट में तब्दील हो गया था। प्रशंसकों का जोश और नारों की गूंज वैसी ही थी, जैसी कभी बड़े पर्दे पर 'बाहुबली' के शपथ ग्रहण के दौरान माहिष्मती की जनता में देखी गई थी। जैसे ही विजय मंच की ओर बढ़े, भीड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी पहुंचीं


तृषा कृष्णन

इस समारोह में विजय का पूरा परिवार पहुंचा। साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी पहुंचीं। इस दौरान तृषा कृष्णन ने थलापति विजय की मां शोभा चंद्रशेखर से मुलाकात की और उन्हें गले लगाया। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

खबर संक्षेप

मारपीट से दो युवकों की मौत, भीड़ ने दुकान फूंकी

सागर। जिले के शाहपुर में शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा कथित मारपीट में दो युवकों की मौत के बाद रविवार को भारी बवाल हो गया। नीरज प्रजापति और उसके साथी की पिटाई के बाद नीरज की मौके पर और दूसरे युवक की अस्पताल में मौत हो गई।

जीमेल खुद लिखेगा आपके लिए ईमेल

नई दिल्ली। गूगल अपने ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल में एआई से जुड़े बड़े बदलाव ला रहा है। अब यूजर्स तकनीक की मदद से कुछ शब्द लिखकर निर्देश देना होगा और एआई पूरा चंद सेकंड में ईमेल तैयार कर देगा। ऑटो-जेनरेटेड टेक्स्ट को एडिट या रीक्रिएट भी कर सकेंगे।

बरगी बांध क्रूज हादसे की होगी न्यायिक जांच

भोपाल। जबलपुर के बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे के बाद मप्र सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग गठित किया है। तीन माह में जांच रिपोर्ट आएगी।

मप्र को वाइल्डलाइफ लीडर बनाने की तैयारी
कूनो पार्क में बोत्सवाना से आईं दो मादा चीता



आज सीएम डॉ. यादव इन्हें खुले वन में छोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में मध्य प्रदेश एक वैश्विक मॉडल बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश अब टाइगर स्टेट की पहचान से आगे बढ़कर वाइल्डलाइफ लीडर बनने की तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सोमवार को कूनो नेशनल पार्क के दौरे पर रहेंगे, जहां वे बोत्सवाना से ▶▶ शेष पेज 4 पर

3 आईपीएस अफसरों के तबादले
बुरहानपुर के नए एसपी बने आशुतोष बागरी

डीआईजी राकेश सगर को पीएचक्यू भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने 3 आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आशुतोष बागरी को बुरहानपुर का नया पुलिस अधीक्षक बनाया है। पिछले हफ्ते 2 मई को हुए 62 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर में बुरहानपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार को झाबुआ का पुलिस अधीक्षक बनाया था। पिछले कुछ महीनों से सागर में पुलिस अधीक्षक ▶▶ शेष पेज 4 पर

मिडिल ईस्ट तनाव के बीच पीएम मोदी का बड़ा बयान
पेट्रोल-डीजल बचाएं, वर्क फ्रॉम होम करें... एक साल तक न खरीदें सोना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के सभी नागरिकों से पेट्रोलियम उत्पादों का संयम के साथ इस्तेमाल करने की अपील की है। पीएम मोदी की यह यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते भारत ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत बड़े पैमाने पर ईंधन आयात करता है, इसलिए पेट्रोल, डीजल और गैस का सोच-समझकर इस्तेमाल करना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने लोगों को पेट्रोल डीजल बचाने वर्क फ्रॉम होम के साथ एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

तेल कंपनियों को नुकसानः पुरी

इधर, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के ताजा आंकड़ों ने हड़कंप मचा दिया है। पुरी ने खुलासा किया है कि सरकारी तेल कंपनियां इस समय रोज 1,000 करोड़ का भारी नुकसान सह रही हैं। इस तिमाही में तेल कंपनियों का कुल घाटा 1 लाख करोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

15 से पहले बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

पीएम की अपील के बाद देश की बड़ी आईटी कंपनियां टीसीएस, विप्रो और इंफोसिस जैसी कंपनियां वर्क फ्रॉम होम लागू कर सकती हैं। पीएम के संकेत के बाद माना जा रहा है कि 15 मई से पहले डीजल-पेट्रोल के दाम में पांच रुपए तक बढ़ सकते हैं।

शेरदिल बच्चा : पिपरिया क्षेत्र में खौफनाक मंजर के बीच बालक का प्रेरणादायक साहस

घायल सत्यम का अस्पताल में इलाज और उसकी हालत अब स्थिर

मौत को मात! 13 साल का सत्यम तेंदुए से भिड़ा गर्दन पकड़कर धकेल दिया, बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले के पिपरिया क्षेत्र से दिल दहला देने वाली लेकिन उतनी ही प्रेरणादायक घटना सामने आई है, जहां 13 वर्षीय बच्चे ने तेंदुए जैसे खूंखार जंगली जानवर का सामना कर न सिर्फ अपनी जान बचाई बल्कि पूरे गांव को भी बड़ी अनहोनी से बचा लिया। मामला पिपरिया फॉरेस्ट बीट के अंतर्गत आने वाले कुर्सी खापा गांव का है, जहां शनिवार शाम खेतों के पास बच्चों की सामान्य खेलकूद की आवाजें अचानक चीख-पुकार में बदल गईं। 13 साल का सत्यम ठाकुर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ पल के लिए वहां मौजूद लोग भी स्तब्ध रह गए। इस खौफनाक मंजर के बीच सत्यम ने ऐसा साहस दिखाया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। तेंदुए के पंजों से खुद को बचाने के लिए बच्चे ने बिना घबराए उसकी गर्दन पकड़ ली और पूरी ताकत से उसे पीछे धकेल दिया। कुछ सेकंड तक दोनों के बीच संघर्ष चलता रहा। इस दौरान तेंदुए के नाखून सत्यम के पेट और पैरों में गहरे लग गए, जिससे वह घायल हो गया, लेकिन उसने हार नहीं मानी और लगातार शोर मचाता रहा। बच्चे की चीख सुनकर आसपास मौजूद परिजन और ग्रामीण डंडे लेकर मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों के पहुंचते ही शोर और भीड़ बढ़ी, जिससे तेंदुआ घबरा गया और जंगल की ओर भाग निकला।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल सत्यम ठाकुर को तत्काल पिपरिया अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और बताया कि उसकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। फिलहाल वन विभाग ने इलाके में अलर्ट जारी कर दिया है और गश्त बढ़ा दी गई है।

सत्यम ठाकुर

फाइल फोटो

क्षेत्र में बढ़ी तेंदुओं की संख्या

पिपरिया से लगे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जंगलों में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले तीन महीनों के दौरान पिपरिया सर्कल में 20 से अधिक तेंदुए देखे गए हैं। रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि जो तेंदुए दिख रहे हैं वह ग्रामीण क्षेत्र के आसपास ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। जंगल के घने क्षेत्र में इनकी संख्या और ज्यादा हो सकती है।

मप्र में हुआ देश में सर्वाधिक 10 लाख से अधिक किसानों से गेहूं का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में गेहूं उपार्जन के मामले में मध्यप्रदेश अब लगातार आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष पंजाब के बाद सर्वाधिक गेहूं उपार्जन मप्र में होने जा रहा है। मप्र में अब तक 10 लाख से अधिक किसानों से 63 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। प्रतिदिन लगभग 5 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। शनिवार 9 मई को ही 4 लाख 86 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ है। उपार्जन की गति से स्पष्ट है कि 23 मई तक लगभग 100 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार की ओर से 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। गेहूं का उपार्जन 23 मई तक किया जाएगा। अभी तक 14 लाख 83 हजार किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग कराई है। किसानों को 11623.43 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

खास बातें

- प्रतिदिन हो रहा लगभग 5 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन
- पंजाब के बाद सर्वाधिक गेहूं उपार्जन करेगा मध्यप्रदेश
- अभी तक 63 लाख मीट्रिक टनक हुआ गेहूं उपार्जन

फाइल फोटो।

मुख्यमंत्री कर रहे हैं सतत निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में हो रहे गेहूं उपार्जन की सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। वे स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण भी कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया है। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली जा रही है। मुख्यमंत्री के इन औचक निरीक्षण से उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाएं और अधिक अनुकूल और सहज हो रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश में हो रहे सर्वाधिक किसान लाभान्वित

इन आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा में अभी तक 9.10 लाख किसान, पंजाब में 7.5 लाख किसान, उत्तर प्रदेश में 2 लाख किसान और राजस्थान में 1.67 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। वहीं मध्यप्रदेश में अभी तक 10 लाख से अधिक किसान उपार्जन प्रक्रिया में लाभान्वित हो चुके हैं।

16-17 को होगा भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग

भोपाल। भोपाल नगर भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय स्थित मीडिया सेंटर में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 अंतर्गत 16 एवं 17 मई को सन स्काई गार्डन, कोलू खेड़ी सीहोर रोड पर आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं कार्यपद्धति को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन, व्यवस्थाओं एवं कार्यकर्ता सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायी बन सके। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए तथा आवास, भोजन, सुरक्षा, मंच, पंजीयन, चिकित्सा एवं अनुशासन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- प्रदेश भाजपा कार्यालय के मीडिया सेंटर में हुई तैयारियों को लेकर बैठक
- संगठन की रीति-नीति, विचारधारा, कार्यपद्धति को मजबूती देना बैठक का उद्देश्य

अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास, 4 मिलियन टन सीमेंट का होगा उत्पादन

गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को मिलेगा रोजगारः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। मप्र सरकार युवाओं के लिए रोजगार को प्राथमिकता देते हुए किसानों, महिलाओं और गरीबों के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए सक्रिय है। पर्यटन और पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करेगा। गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। अडाणी समूह की ओर से 32 हैक्टेयर भूमि पर इस इकाई की स्थापना के फलस्वरूप 4 मिलीयन टन सीमेंट उत्पादन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को गुना जिले में अम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विकास कार्यों से गुना जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा।

खास बातें

- सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर दिया जा रहा जोर
- प्रथम चरण में किया 1060 करोड़ रुपए का निवेश
- आधारभूत सुविधा बढ़ने से लोगों को मिलेगा लाभ

अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री।

मप्र में औद्योगिक क्षेत्र हो रहा सशक्त

उद्योगपति प्रणव अदाणी ने कहा कि मप्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से विकास को नई रफ्तार मिली है। अधोसंरचना, लॉजिस्टिक, ट्रांसपोर्ट और अन्य सुविधाओं से मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र की मजबूती सुनिश्चित की जा रही है। पिछले वर्ष भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह के चेयरमेन गौतम अदाणी ने एक लाख हजार करोड़ से अधिक निवेश का संकल्प व्यक्त किया था, जिसे साकार करने के लिए सीमेंट इकाई की आधारशिला रखी जा रही है। प्रथम चरण में एक हजार 60 करोड़ का निवेश किया जा रहा है, जो आगामी चरणों में तीन गुना से अधिक होगा। अदाणी ने मप्र में कटनी, कैमोर सहित अन्य क्षेत्रों में सीमेंट और अन्य इकाइयों की स्थापना की पहल की गई।

कृषि वर्ष में प्रदेश में समृद्धि के प्रयास किए तेज

खाद्य मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में विकास का पहिया तीव्र गति से घूम रहा है। उद्योग वर्ष के बाद कृषि वर्ष में प्रदेश में समृद्धि के प्रयास तेज किए हैं। परियोजनाओं के लिए जिन किसानों की भूमि ली जाएगी उन्हें चार गुना मुआवजा देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने के बाद 78 लाख मीट्रिक टन के स्थान पर 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों को उनकी मेहनत की पूरी कीमत दी जा रही है। कार्यक्रम में जिले के विधायकगण और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सीएम आज कूनो से मादा चीतों को जंगल में करेंगे मुक्त

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 मई सोमवार को श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटीन बाड़े से दो मादा चीतों को सुबह कूनो नदी के समीप स्थित साइट से खुले जंगल में मुक्त करेंगे। साथ ही कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण भी करेंगे। मुख्यमंत्री की ओर से दो चीतों को खुले जंगल में छोड़े जाने का यह कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट चीता' को नई गति प्रदान करेगा तथा भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा। बोत्सवाना से लाए गए नौ चीतों ने अपनी क्वारंटीन अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। इसके बाद उन्हें छोटे बाड़ों में रखा गया था, ताकि वे स्वयं को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ढाल सकें।

मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस पर मातृ शक्ति को किया नमन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मातृ दिवस पर प्रदेश की सभी मातृ शक्ति को नमन किया है। उन्होंने कहा है कि मां हम सभी के जीवन का मूल आधार है। मां हमें संस्कार और सत्य एवं संघर्ष के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हम सभी पर मां का आशीर्वाद हमेशा बना रहे, ऐसी मंगलकामनाएं की हैं।

रावतपुरा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कहा

बूथ जीता तो समझें चुनाव जीता इसलिए संपर्क रखेंः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भिंड जिले का प्रशिक्षण वर्ग के लहार तहसील स्थित रावतपुरा धाम में आयोजित हो रहा है। वर्ग के तृतीय सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नितेश शर्मा ने बूथ पर करणीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, बूथ पर तीन प्रकार के करणीय कार्य रहते हैं इनमें पहला सामाजिक कार्य, दूसरा संगठनात्मक कार्य, तीसरा चुनावी कार्य। बूथ स्तर पर संगठनात्मक अनुशासन पन्ना प्रमुख एवं कार्यकर्ताओं की सक्रियता जिससे पार्टी की स्थाई एवं प्रभावी उपस्थिति होती है।

बूथ स्तर पर मतदाता, लाभार्थी, युवा मतदाता एवं महिला मतदाता और नव मतदाताओं एवं की वोटर्स से लगातार संपर्क में रहना चाहिए, बूथ पर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के माध्यम से बूथ पर रहने वाले मतदाताओं तक पहुंचें। हम सभी को यह ध्यान भी रखना चाहिए की जो बूथ कमजोर हैं उन बूथ पर हमारा मतदान प्रतिशत अधिक हो एवं बूथ समिति पन्ना प्रमुखों की बैठक संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए नियमित बैठक हो एवं अपने कार्य की समीक्षा हो, बूथ पर बाल राइटिंग से लेकर टिफिन बैठक एवं मतदाताओं से संपर्क संवाद और उनके सुख-दुख में भी सभी सम्मिलित रहे हैं।

डॉ. नितेश शर्मा।

'मन की बात' जनसंवाद, जुड़ाव का प्रयास

शर्मा ने मन की बात पर विषय रखते हुए कहा प्रधानमंत्री का रेडियो, दूरदर्शन के माध्यम से सीधे देशवासियों से संवाद करना सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को मिटाना सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करना और नागरिकों को विकास एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का माध्यम है। यह कार्यक्रम जनसंवाद, जुड़ाव, नागरिक भागीदारी, प्रेरणा एवं सशक्तिकरण का सामूहिक प्रयास है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 अक्टूबर 2014 विजयदशमी से मन की बात का कार्यक्रम शुरू किया अभी तक 132 एपिसोड हो चुके हैं। उन्होंने देश के विभिन्न सामाजिक, संस्कृतिक आर्थिक मुद्दों एवं समाज क्षेत्र में काम करने वाले प्रमुख व्यक्तियों की चर्चा इस प्रसारण के माध्यम की। विद्यार्थी, किसान, मजदूर, युवा, मातृशक्ति, कामगार सर्वहारा वर्ग के बीच में मन की बात का कार्यक्रम आज अति लोकप्रिय कार्यक्रम हो गया है। हम सभी को भी बहुत स्तर पर मन की बात का कार्यक्रम भिन्न-भिन्न श्रेणियां के साथ प्रतिमाह सुनना चाहिए एवं बाद के तीस मिनट इस विषय को लेकर एवं बूथ के सशक्तिकरण को लेकर चर्चा करनी चाहिए।

कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट भी खोने का डर

कांग्रेस के सामने 'ऑपरेशन लोटस' को लेकर फिर बेचैनी है। वजह है राज्यसभा की एक सीट, जो विधायकों की संख्या के आधार पर कांग्रेस को मिल सकती है लेकिन इसे खोने का डर सता रहा है। यह सीट वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का कार्यकाल पूरा होने पर खाली हो रही है। चुनाव तीन राज्यसभा सीटों के लिए होंगे, इनमें से दो पर भाजपा की जीत तय है। एक सीट जीतने के लिए 58 वोटों की जरूरत है। मुकेश मल्होत्रा, राजेंद्र भारती और निर्मला सप्रे को छोड़ दें, तब भी कांग्रेस के 63 विधायक हैं। इस लिहाज से सीट मिलने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन खतरा भाजपा के 'आपरेशन लोटस' से है। इसके तहत कांग्रेस के 7 विधायक तोड़ने की कोशिश हो रही है। ऐसा हो गया तो सीट कांग्रेस के हाथ से खिसक जाएगी। इस पर रणनीति बनाने के लिए पिछले दिनों दिल्ली में पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ बैठक की। खतरा कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए नेताओं, विधायकों से ज्यादा है। खासकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मदद लेकर चंबल-ग्वालियर अंचल के विधायक तोड़े जा सकते हैं।

पहले मंत्रियों की परफॉरमेंस रिपोर्ट, फिर फेरबदल

अब मंत्रिमंडल में बहुप्रतीक्षित फेरबदल में एक अल्पविराम आ गया है। विभागों की समीक्षा से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल सदस्यों की परफॉरमेंस का आंकलन करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा के बाद नए सिरे से परफॉरमेंस रिपोर्ट तैयार होगी। इसके आधार पर ही मंत्रियों को हटाने, उनका कद घटाने- बढ़ाने और नए लोगों को शामिल करने का निर्णय लिया जाएगा। लिहाजा, अब मंत्रिमंडल में फेरबदल का काम समीक्षा बैठकों के बाद ही होने की संभावना है।

बंगाल में विजय की नींव रखने वाले कैलाश को क्यों भुलाया?

इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि एक समय पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी का आधार मजबूत करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी। बंग भूमि में भाजपा की विजय की आधारशिला कैलाश विजयवर्गीय ने भी रखी थी। उनकी रणनीति की बदौलत टीएमसी के कई बड़े नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए। नतीजा यह हुआ कि विधानसभा की 3 सीटें जीतने से शुरू हुआ भाजपा का सिलसिला 76 से होते हुए 200 के पार तक पहुंच गया। ताज्जुब की बात यह है कि कैलाश को भाजपा नेतृत्व भूल गया। ऐसा क्यों हुआ?

निर्मला सप्रे को भाजपा ने कहीं का न छोड़ा

बीना से विधायक निर्मला सप्रे दलबदल कानून के तहत उनकी सदस्यता समाप्त करने का मामला हाईकोर्ट और विधानसभा स्पीकर के यहां लंबित है। सप्रे के खिलाफ अपील दायर करने वाले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का नाम लेकर उन्होंने कहा कि यदि वे बीना को जिला बना दें और जिले के विकास के लिए 300 करोड़ रुपए दे दें तो वे कांग्रेस ज्वॉइन कर लेंगी। उन्होंने खुद स्वीकार कर लिया कि वे कांग्रेस में नहीं हैं। जब से वे कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुईं तब से ही वे उप चुनाव में हार से डरी हुई हैं। वे भाजपा में चली तो गईं लेकिन इसे स्वीकार नहीं कर रहीं।

कांग्रेस में हर कार्यकर्ता को नेता बनाना खतरनाक

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल ने अपनी ही पार्टी को आईना दिखा कर नसीहत दे डाली। उन्होंने गुटबाजी को कांग्रेस के लिए नासूर बताया और कहा कि इसके लिए हम सब जवाबदार हैं। पार्टी की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हम खुद से जुड़े किसी को कार्यकर्ता नहीं रहने देते, उनके अंदर महत्वाकांक्षा जगा कर नेता बना देते हैं। हमारे चेले बने रहें, इसलिए सभी से कहते हैं कि क्षेत्र में आपकी पकड़ सबसे मजबूत है। तैयारी करो, हम टिकट दिलाएंगे। नतीजा यह होता है कि चुनाव आते तक दावेदारों की भरमार हो जाती है। एक को टिकट मिलता है और जिसे नहीं मिलता, वह अपनी तलवार की धार तेज करना शुरू कर देता है।। यहीं से पार्टी की हार की इबारत लिख जाती है। इसलिए किसी के अंदर महत्वाकांक्षा जाग्रत नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी की दूसरी समस्या यह है कि एक नेता से जुड़े कार्यकर्ता ही आपस में झगड़ते हैं लेकिन ईमानदारी से उनका मनमुटाव दूर करने की कोशिश नहीं की जाती।

दिनेश निगम 'त्यागी'

ऊर्जा मंत्री ने किया सिविल अस्पताल हजीरा बिरला नगर सहित विद्युत केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार देर रात अचानक निरीक्षण के लिए निकल पड़े। विद्युत उपकेन्द्र मोतीझील और बहोड़ापुर पहुंचे जहां उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने मेंटेनेंस, विद्युत सप्लाई और शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकेंद्र कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हालात सुधार लें अन्यथा अगली बार सिर्फ चेतावनी नहीं दूंगा, सीधे कार्यवाही होगी। ऊर्जा मंत्री तोमर रात में ही अचानक सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में गर्मी के बीच एसी बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन को एसी दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने दो टूक कहा कि अति-संवेदनशील वार्डों में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है।

होल्ड पदों पर नियुक्ति को लेकर जीतू ने अभ्यर्थियों को दिया खुला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग के 13 प्रतिशत होल्ड पदों को लेकर एक बार फिर राजनीति तेज हो गई है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भोपाल स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात कर उन्हें कांग्रेस का समर्थन दिया। इस दौरान प्रदेशभर से पहुंचे ओबीसी अभ्यर्थियों ने शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, एमपीपीएससी सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में होल्ड रखे गए पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्षों से भर्ती प्रक्रियाएं लंबित हैं, लेकिन सरकार अब तक समाधान नहीं निकाल सकी है। दरअसल, मप्र में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। इसी वजह से सरकार ने कई भर्ती प्रक्रियाओं में ओबीसी वर्ग के 13 प्रतिशत पदों को होल्ड कर रखा है। शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018, 2020 और 2023, पुलिस भर्ती, एमपीपीएससी तथा अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में हजारों युवाओं के परिणाम और नियुक्तियां प्रभावित हुई हैं। इन्हीं मांगों को लेकर "13 प्रतिशत होल्ड अभ्यर्थी संघ" द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन आयोजित किया गया। धरना स्थल पर अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 45 डिग्री की भीषण गर्मी में ओबीसी वर्ग के युवा अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। भाजपा सरकार सामाजिक न्याय और आरक्षण की भावना को कमजोर करने का काम कर रही है।

अभ्यर्थियों से मिलते जीतू।

7 पुराने चैक डैम की मरम्मत के साथ पांच नए चैक डैम ...

12 भारत भवन में जारी तीन दिवसीय राष्ट्रीय...

चेन पुलिंग के कारण दीवानगंज से भोपाल सेक्शन के बीच ढाई घंटे लेट हुई ट्रेन

निशातपुरा स्टेशन के आउटर पर आधी रात में घंटे भर श्रीधाम एक्स. को रोककर रखा, गर्मी-उमस से बच्चों-महिलाओं की बिगड़ी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई-दिल्ली से जबलपुर के बीच चलने वाली श्रीधाम एक्सप्रेस के यात्रियों को शनिवार-रविवार की दरमियानी रात खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह ट्रेन दीवानगंज-भोपाल स्टेशन सेक्शन तक करीब ढाई घंटे तक लेट हो गई।

रेलवे सूत्रों के अनुसार दीवानगंज में इस ट्रेन में चैन पुलिंग हुई थी। इसके चलते यह ट्रेन पहले दीवानगंज में 15-20 मिनट तक खड़ी रखी। इसके पीछे से आ रही ट्रेनों को निकलने के लिए करीब 30-35 मिनट तक सुखीसेवनिया स्टेशन पर रोक दिया। इसके बाद ट्रेन जब निशातपुरा आउटर पर पहुंची, तो यहां पर ट्रेन को आधी रात यानी करीब एक से सवा घंटे तक रोककर रखा गया।

इसके चलते गर्मी-उमस से ट्रेन में सवार छोटे बच्चों व महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि ट्रेन को किस वजह से आउटर पर रोका गया था। इस संबंध में रेलवे अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

एक्सप्रेस के पीछे आने वाली एक के बाद कई ट्रेनों को निकाला गया

सुबह चार बजे के बाद भोपाल स्टेशन पहुंची ट्रेन, यात्रियों को मिली राहत

एआई इमेज।

सोशल मीडिया पर भी मांगी मदद

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस विदिशा स्टेशन से करीब 43 मिनट की देरी से भोपाल के लिए रवाना हुई। इस बीच शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को ट्रेन जैसे ही निशातपुरा स्टेशन पर पहुंची, अचानक से ट्रेन को रोक दिया गया। इसके बाद एक के बाद एक कई ट्रेनें निकलती रही, लेकिन श्रीधाम एक्सप्रेस के नहीं चलाए जाने से यात्री परेशान होने लगे। ट्रेन में सवार महिला, बच्चों की गर्मी-उमस से तीबयत बिगड़ने लगी। यात्रियों के ट्रेन के स्टाफ से जानकारी मांगी, लेकिन वह भी कोई सही कारण नहीं बता सके। इसके बाद यात्रियों सोशल मीडिया पर शिकायत की, लेकिन वहां से भी कोई मदद नहीं मिली।

रात की वजह से पैदल भी नहीं जा सके यात्री

भोपाल स्टेशन से मात्र 2 किमी दूर निशातपुरा स्टेशन पर ट्रेन के रोके जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना था कि रात में अंधेरे के चलते वह पैदल भोपाल स्टेशन तक नहीं जा सकते थे। इससे ट्रेन के भोपाल स्टेशन तक नहीं पहुंचने तक परेशान होते रहे। सुबह 4 बजे के बाद जब ट्रेन भोपाल स्टेशन पहुंची। तब जाकर यात्रियों ने चैंन की सांस ली।

आयुक्त ने एएचओ, दारोगा, सफाई कर्मियों से पूछीं समस्याएं

भोपाल। शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर दिल्ली से सर्वे करने टीम पहुंचने के लिए निगम आयुक्त ने शहर में सफाई की कमान खुद संभाल ली है। रविवार को अवकाश के दिन भी उन्होंने सुबह 11 बजे उत्तर विधानसभा, साढ़े 12 बजे दक्षिण-पश्चिम और साढ़े 3 बजे नरेला विधानसभा के अंतर्गत आने वाले जोन की टीमों की बैठक ली। इसमें जोन के प्रभारी एएचओ सहित वार्ड के दरोगा और सुपरवाइजर भी शामिल हुए। उन्होंने एक-एक कर्मचारी से सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इससे पहले शनिवार को कमिश्नर ने हुजूर विधानसभा सहित मध्य विधानसभा और गोविंदपुरा विधानसभा की टीम के साथ चर्चा की थी। 15 मई के बाद कभी भी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के सर्वे के लिए दिल्ली की टीम भोपाल आ सकती है। इसको देखते हुए नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन लगातार मानिटरिंग कर रही हैं। वे उपायुक्त, अपर आयुक्त और सहायक आयुक्त से फीडबैक भी ले रही हैं। रविवार को बैठक में झील संरक्षण प्रकोष्ठ व सिविल की टीमें भी शामिल हुई। बैठक में सर्वेक्षण की तैयारियों पर पूरा फोकस रहा।

अयोध्या बायपास रोड पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से गैस की सप्लाई रुकी

एनएचएआई ने अब थिंक गैस की पाइन लाइन तोड़ी, घरों में नहीं बन सका खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनएचएआई द्वारा अयोध्या बायपास रोड को टेनलेन किए जाने के निर्माणाधीन कामों के दौरान लापरवाही रुक नहीं रही है। तीन बार नगर निगम की पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त करने के बाद रविवार को सुबह जेसीबी की चपेट में थिंक गैस की पाइप लाइन टूट गई। इसके चलते अयोध्या बायपास, रायसेन रोड से लगी दर्जनों कॉलोनियों के किचन में गैस सप्लाई बंद रही और लोग परेशान होते रहे। घरों में खाना नहीं बन सका, चाय काफी को भी लोग तरसे। शाम चार बजे के बाद सप्लाई बहाल हो पाई।

घरों में किचन पर संकट, परेशान होते रहे लोग, शाम को सप्लाई बहाल

कस्टमर केयर में लोगों ने किया कॉल, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला

एनएचएआई ने खुदाई से पहले थिंक गैस को नहीं दी सूचना

अयोध्या बाइपास रोड पर लाइन सुधारते थिंक गैस कर्मचारी।

एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में रहा असर

अयोध्या बायपास के भानपुर क्षेत्र में रोड निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा बिना सूचना दिए खुदाई किए जाने से थिंक गैस की सिटी गैस पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर थिंक गैस की इमरजेंसी रिस्पांस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित हिस्से को अलग किया। हालांकि इसके कारण सोनागिरी, कल्पना नगर, निजामुद्दीन कॉलोनी सहित एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में लोगों दोपहर में किचन में भोजन बनाने के लिए गैस नही मिली तो वैकल्पिक व्यवस्था करना पड़ी।

कल्पना नगर निवासी संजीव जोशी ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे गैस की सप्लाई बंद होने जाने के कारण भोजन नहीं बना पाए। इसकी जानकारी के लिए उन्होंने कस्टमर केयर में भी कॉल किया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। थिंक गैस कंपनी के हिमांशु श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या बायपास रोड पर निर्माण कार्यों के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी सूचना मिलने पर तुरंत टीम ने पहुंचकर गैस सप्लाई व्यवस्था बहाल करवाई। पाइप लाइन के रास्ते पर पहले से चेतावनी बोर्ड, निशान और इमरजेंसी संपर्क नंबर लगे होने के बावजूद संबंधित ठेकेदार ने खुदाई शुरू करने से पहले थिंक गैस को कोई सूचना नहीं दी और न ही घटना के बाद कोई रिपोर्ट सौंपी। जबकि नगर निगम या सिटी गैस कंपनी को सूचना देना जरूरी है। इस मामले में बिना सूचना दिए खुदाई की गई, जिस पर थिंक गैस ने संबंधित पार्टी के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

कोलार की फीडरमेन लाइन को शिफ्ट करने दो दिन चलेगा काम

मेट्रो के लिए होगी पाइपलाइन शिफ्ट, शहर के एक लाख लोगों को आज नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य के चलते नगर निगम की कोलार फीडरमेन लाइन को शिफ्ट करने का काम सोमवार से शुरू होगा। इसके चलते पुराने शहर की करीब एक लाख आबादी को जल संकट का सामना करना पड़ेगा। मेट्रो कॉरिडोर के दायरे में आ रही कोलार जलप्रदाय परियोजना की 400 एमएम व्यास की डीआई फीडरमेन लाइन की शिफ्टिंग का काम शुरू किया जा रहा है। इसके कारण डीआईजी बंगला चौराहे से आरिफ नगर तक जल सप्लाई प्रभावित रहेगी।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य सोमवार और मंगलवार तक चलेगा। सोमवार को कई इलाकों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी, जबकि मंगलवार को कम दबाव से पानी दिया जाएगा। निगम प्रशासन का कहना है कि मेट्रो निर्माण के कारण लाइन दूसरी जगह स्थानांतरित की जा रही है, ताकि आगे चलकर जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित न हो।

मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए निर्माण कार्य में लगी जेसीबी।

इन इलाकों में आज नहीं होगी पानी की सप्लाई

जिन क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा उनमें जेपी नगर, पिंजोमल टैंक, काजी कैम्प, टीला जमालपुरा, आरिफ नगर, कांग्रेस नगर, ग्रीन पार्क, चौकसे नगर, छह गलियां, छोटी मस्जिद क्षेत्र, नारियलखेड़ा, निशातपुरा, न्यू आरिफ नगर, रेशम केन्द्र, छोला विश्रामघाट और रम्भा नगर सहित आसपास के इलाके शामिल हैं।

निगम ने पहले ही दे दी है लोगों को सूचना

गर्मी के मौसम में अचानक पानी सप्लाई बंद होने की सूचना से लोगों की चिंता न बढे इसे देखते हुए निगम प्रशासन ने दो दिन पूर्व ही इसकी सूचना लोगों को दे दी। कई परिवारों ने रविवार को पहले ही पानी का स्टॉक जमा करना शुरू कर दिया। पुराने शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में सप्लाई नहीं होने के कारण लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में परेशानी उठानी पड़ सकती है। हालांकि निगम ने टैंकरों से पानी सप्लाई की व्यवस्था की है।

दो दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग पर किया काबू

पुल पातरा टिंबर मार्केट में फिर लगी आग टीन शेड पर करंट फैला, बड़ा हादसा टला

लकड़ी की दुकान शिफ्ट करने के दौरान हुआ हादसा, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पुल पातरा स्थित टिंबर मार्केट में रविवार को दोपहर एक लकड़ी की दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। दोपहर करीब ढाई बजे अचानक धुएं के साथ आग की लपटें उठनें लगी और देखते ही देखते टीन के पूरे शेड को अपनी चपेट में ले लिया। एक राहगीर ने निगम के फायर कंट्रोल को इसकी सूचना दी गई। दो दमकलें मौके पर तुरंत पहुंची और आग पर काबू पाया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की चपेट में आए टीन के शेड पर करंट फैल गया था। इसकी सूचना बिजली कंपनी के अमले को दी गई। इस मौके अमले ने पहुंचकर सप्लाई लाइन को बंद किया। करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया लिया गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दोपहर करीब ढाई बजे बरखेड़ी से पुल पातरा की ओर जा रहे एक राहगीर को टिंबर मार्केट में एक टीन के शेड से धुआं उठते देखा। इसकी सूचना राहगीर ने फायर कंट्रोल को दी। बताया जा रहा है कि जिस शेड में आग लगी, उसे शिफ्ट करने का काम चल रहा था। आग की चपेट में आने से लकड़ी का सामान जलकर खाक हो गया। आग से नुकसान का खुलासा नहीं हो सका। नगर निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि टिंबर मार्केट में आग लगने की सूचना एक राहगीर ने फायर कंट्रोल को दी थी। सूचना मिलते ही दमकलें मौके पर रवाना की गईं। दो दमकलों से आग पर काबू पाया जा सका।

आग के कारण शेड जलकर खाक हो गया।

अंडरग्राउंड रूट में अड़चन टिंबर मार्केट

पुल पातरा से टिंबर मार्केट को शिफ्ट किया जा रहा है। यहां मेट्रो निर्माण कार्य के लिए मशीनें पहुंच चुकी हैं और एक बडे क्षेत्र को कवर्ड किया गया है। शहर के बीचोंबीच टिंबर मार्केट न सिर्फ मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट के लिए बड़ी अड़चन बना है बल्कि इसके कारण यातायात बाधित रहता है। जिसे हटाने की कवायद लंबे समय से चल रही है। कुछ दुकानें यहां से हट गई हैं, लेकिन अधिकांश अभी भी बाकी हैं।

पीएम रिपोर्ट में पुष्टि, समय पर नहीं कराया था इलाज

मॉडल खुशबू अहिरवार की मौत मामले में लिव इन पार्टनर कासिम पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क पुलिस ने मॉडल खुशबू अहिरवार की मौत के मामले में लिव इन पार्टनर कासिम अहमद पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया है। दरअसल, उज्जैन से भोपाल आते समय बस में खुशबू अहिरवार की तबीयत बिगड़ी थी। यदि उसका उज्जैन में ही इलाज करा दिया जाता तो उसकी जान बच सकती थी, लेकिन कासिम अहमद उसे उज्जैन से भोपाल लेकर पहुंच गया। खजूरी सड़क पर तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर कासिम उसे लेकर भौंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां कुछ देर बाद ही खुशबू की मौत हो गई। जांच में यह बात सामने आई कि वह गर्भवती थी। फैलोपीयन ट्यूब रप्चर होने पर असहनीय दर्द के साथ अत्यधिक रक्त स्त्राव हुआ था। इससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 21 साल की खुशबू अहिरवार विदिशा की थी। 9 नवंबर को उज्जैन से भोपाल लौटते समय बस में खुशबू की तबीयत बिगड़ गई। खजूरी में बस रुकवाकर कासिम ने ऑटो हायर किया और रात करीब दस बजे खुशबू को लेकर भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने खुशबू को मृत घोषित कर दिया था।

मृतका खुशबू अहिरवार।

परिजन ने लगाए थे हत्या के आरोप

खुशबू की मौत के बाद परिजन ने कासिम पर हत्या के आरोप लगाए थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की। पीएम रिपोर्ट में पता चला कि खुशबू गर्भवती थी। फैलोपीयन ट्यूब रप्चर होने के कारण खुशबू को असहनीय दर्द और रक्त स्त्राव हुआ। बावजूद इसके कासिम ने उसका उज्जैन में इलाज नहीं कराया और उसे बस से लेकर भोपाल तक आ गया। डॉक्टर ने अपने ओपिनियन में बताया कि यंग फीमेल मे एक्टोपिक प्रिगनेन्सी होने से सामान्य तौर पर फैलोपीयन ट्यूब रप्चर हो जाती है यदि समय पर इलाज न मिले तो गर्भवती की जान जा सकती है। हुआ कुछ ऐसा ही कि खुशबू को समय रहते कासिम ने अस्पताल नहीं पहुंचाया था।

एमएलबी कॉलेज में मेरी विरासत स्वच्छ भोपाल का आयोजन

भोपाल। एमएलबी कॉलेज में मेरी विरासत स्वच्छ भोपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर मालती राय और पार्षद आरती अनेजा सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल थे। कार्यक्रम में प्राचार्य ने स्वच्छ भोपाल फीडबैक के लिए छात्रों को प्रेरित किया तथा स्वच्छता का महत्व समझाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्लोगन प्रतियोगिता रही, जिसका विषय 'स्वच्छता अभियान और सुंदर भोपाल' रहा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रोली शुक्ला ने किया।

बोर्ड ऑफिस के पास देर रात साढ़े 12 बजे हादसा, आरोपी ड्राइवर पर केस दर्ज कर बस की जब्त

चार्टेड बस की टक्कर से आरकेएमपी जीआरपी थाना प्रभारी सोमवंशी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बोर्ड ऑफिस चौराहा पर न्यू मार्केट की तरफ से आ रही चार्टेड बस ने जीआरपी कमलापति के शासकीय वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में कमलापति जीआरपी थाना प्रभारी महेंद्र सिंह सोमवंशी को गंभीर चोट आई है। उन्हें हबीबगंज स्थित निजी ट्रामा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने जीआरपी रानी कमलापति के आरक्षक की शिकायत पर चार्टेड बस के ड्राइवर पर मामला दर्ज कर बस जब्त कर ली है। एमपी नगर पुलिस ने बताया कि आरक्षक संदीप मीणा (35) जीआरपी में आरक्षक हैं। उसने एमपी नगर थाना पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 9 मई की रात जीआरपी थाने के शासकीय वाहन से वह थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह सोमवंशी को लेकर बंसल वन बिल्डिंग चेक करने पहुंचा था।

रेलवे स्टेशन परिसर की चैकिंग के बाद पांच नंबर प्लेटफार्म की ओर जा रहे थे थाना प्रभारी

सोमवंशी को बाएं हाथ, बाएं तरफ की पसली सहित शरीर में आई गंभीर चोट

तेज रफ्तार से आ रही थी बस, लापरवाही से मारी सरकारी वाहन को टक्कर

बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुआ थाना प्रभारी का सरकारी वाहन।

बंसल वन चेक करने के बाद सेकंड एंट्री प्लेटफार्म नंबर 5 की तरफ संदीप और को जाना था। वह थाना प्रभारी को लेकर बोर्ड ऑफिस तक पहुंचा ही था कि रात करीब साढ़े 12 बजे के आसपास न्यू मार्केट की तरफ से आ रही चार्टेड बस के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक बस चलाकर शासकीय वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर बाएं तरफ से लगने के कारण संदीप को चोट नहीं आई, लेकिन को पेसेंजर साइड में बैठे थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह सोमवंशी को बाएं हाथ, बाएं तरफ की पसली सहित शरीर में गंभीर चोट आई है। उनका हबीबगंज स्थित ट्रामा अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। दरअससल उनकी पसलियों में फैक्चर है।

बंसल वन मॉल चैकिंग के बाद आधा स्टाफ जाता है पैदल

प्रतिदिन रात में स्टाफ बंसल वन मॉल चेक करने के बाद रेलवे स्टेशन की लिफ्ट, बाथरूम सहित स्टेशन परिसर को चेक करते हुए 5 नंबर प्लेटफार्म की तरफ जाता है। हादसे के समय थाना प्रभारी महेंद्र सिंह सोमवंशी बस शासकीय वाहन में बैठे थे। वे सीट बेल्ट लगाकर बैठे थे। लिहाजा टक्कर लगने के बाद उन्हें केवल हाथ और पसलियों में चोट आई है। उनका सिर डैशबोर्ड से नहीं टकराया।

आरोपी को किया गिरफ्तार

हनुमानगंज पुलिस ने तस्कर से जब्त की 37 ग्राम एमडी ड्रग्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज पुलिस ने एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 37 ग्राम एमडी जब्त की है। जब्त एमडी की कीमत लाखों में बताई जा रही है। पुलिस तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर एमडी के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार किरण लॉज के पास से पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया था। तलाशी लेने पर उसके पास से 37 ग्राम एमडी मिली। संदिग्ध की पहचान अबरार खान (50) बरखेड़ी जहांगीराबाद के रूप में की गई। थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि रविवार दोपहर यह कार्रवाई की गई है। अबरार शातिर बदमाश हैं और उससे पूछताछ की जा रही है। वह पुलिस को गुमराह कर रहा है। पुलिस उससे तकनीकी तौर पर पूछताछ कर रही है। पूछताछ में नशे के सौदागरों की चेन का खुलासा होने की उम्मीद है।

पेज एक का शेष...

ग्रामीण कनेक्टिविटी के ....

कनेक्टिविटी के मामले में देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में कुछ सालों में 90 हजार 150 किमी सड़कों का निर्माण कर 17 हजार 540 से अधिक बसाहटों को मुख्य मार्गों से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सीहोर जिले के भैरुंदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज-4 एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जन-मन) के कार्यों के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे। डॉ. यादव ने कहा कि आज देश-प्रदेश के छोटे-बड़े कस्बों, गांव-देहात, टोले-मजरों की अंतिम सीमा तक पक्की सड़कों की पहुंच हो गई है। पीएमजीएसवाय-फोर और पीएम जन-मन का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ देश के गांवों को मजबूत, टिकाऊ और सर्वकालिक सड़क सम्पर्क से जोड़ने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

गांव देहात की ...

होगी। मध्यप्रदेश हमेशा ही इस राष्ट्रीय अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सुदूरवर्ती गांवों तक सड़क बनने से किसानों को बाजार तक पहुंचने, विद्यार्थियों को शिक्षा, मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिले हैं।

शिवराज ने पीएम-....

वित्तीय आवंटन जारी किया गया। चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत मप्र को 2 हजार 55 करोड़ रुपए की मदद सैंक्शन जारी कर इसका स्वीकृति पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का यह बजट आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आवासीय सुविधाओं को नई गति देगा। उन्होंने भारत सरकार की ओर से मूंग एवं सरसों की फसल समर्थन मूल्य में खरीदे जाने का स्वीकृति पत्र भी मुख्यमंत्री सौंपा।

देश में 2500....

से संपर्क सुधारेंगे। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का कायाकल्प कर रही है। जल जीवन मिशन से हर घर को पानी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक 8 लाख 25 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों को मंजूरी मिली। इनका 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। देशभर में 1 लाख 7 हजार से अधिक ग्रामीण बस्तियों को मुख्य सड़क से जोड़ा जा चुका है।

तो, पीएम मोदी...

मैं आपको उतना सब कुछ देने के लिए तैयार हूं, जितना भारत सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में गुजरात को दिया है। लेकिन अपनी जानकारी के आधार पर मैं आपको बता सकता हूं कि जैसे ही मैं ऐसा करूंगा, आपको जो कुछ भी मिल रहा है, वह आधा रह जाएगा। आप जहां भी पहुंचना चाहते हैं, वहां पहुंच नहीं पाएंगे। इसलिए पीएम मोदी ने बड़ी ही चतुराई से सलाह दी कि रेवंत रेड्डी उनके साथ ही गठबंधन कर लें।

'बाहुबली' स्टाइल में ...

अपने 'नायक' के एक शब्द पर पागलपन की हद तक चिल्लाने लगी और 'थलापति-थलापति' के नारों से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने विजय को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विजय के साथ उनके मंत्रिमंडल के 9 सदस्यों ने भी शपथ ली, जिसमें अनुभवी चेहरों के साथ युवा जोश को भी जगह दी गई है। शपथ लेने के बाद जनता को संबोधित करते हुए भावुक विजय ने कहा कि मैं कोई फरिश्ता या चमत्कारिक पुरुष नहीं हूं, मैं आप ही के बीच से निकला एक साधारण इंसान हूं। आपने मुझे सिनेमा में 'थलापति' बनाया, अब मैं आपका सेवक बनकर काम करूंगा। उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के पहले आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल बनाने और पूरे राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एंटी-ड्रग यूनिट बनाने से जुड़े दस्तावेजों पर भी हस्ताक्षर किए। विजय की शपथ ग्रहण के दौरान लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मंच पर मौजूदगी रही। मंच पर राहुल गांधी और विजय की तस्वीरों ने राज्य की राजनीति में नए गठबंधन और राष्ट्रीय स्तर पर बड़े राजनीतिक संकेतों की चर्चा तेज कर दी है।

कूनो पार्क में ....

लाई गई दो मादा चीतों को उनके बाड़े से मुक्त कर खुले वन क्षेत्र में छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वन्यजीव संरक्षण को केवल एक सरकारी योजना तक सीमित न रखकर इसे जनआंदोलन बनाया है। वर्ष 2008 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से अनुमति मिलने के बावजूद यह प्रस्ताव करीब 17 वर्षों तक लंबित रहा, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यकाल में इसे मंजूरी मिली। इतना ही नहीं, विश्व धरोहर भीम बैठका की खोज करने वाले पुरातत्वविद् विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर इसका नामकरण कर संरक्षण को सांस्कृतिक गौरव से भी जोड़ा गया। रातापानी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह देश का पहला ऐसा टाइगर रिजर्व है, जो किसी राज्य की राजधानी के सबसे करीब स्थित है। इससे संरक्षण और इको-टूरिज्म दोनों को नई दिशा मिलने की संभावना है।

बुरहानपुर के नए ....

की पोस्टिंग की चर्चा पुलिस मुख्यालय में चल रही थी। हफ्ते भर से बुरहानपुर में कोई एसपी पोस्टेड नहीं था। अब 17वीं बटालियन भिंड के कमांडेंट आशुतोष बागरी को बुरहानपुर एसपी बनाया है। वही सागर रेंज के आईजी की भी जल्द नियुक्ति हो जाएगी। राकेश सगरः डीआईजी 2 बटालियन ग्वालियर से डीआईजी पुलिस मुख्यालय भेजा है। आशुतोष बागरीः सेनानी, 2 बटालियन भिंड से एसपी बुरहानपुर बनाया गया। विदिता डागरः एडिशनल एसपी ग्वालियर से 2 बटालियन ग्वालियर में कमांडेंट बनाया है।

पेट्रोल-डीजल बचाएं, ...

साल तक सोना न खरीदने की सलाह दी। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज समय की मांग है कि पेट्रोल-डीजल और गैस जैसी चीजों का बहुत संयम से इस्तेमाल किया जाए। हमें आयात किए जाने वाले पेट्रोलियम उत्पादों का इस्तेमाल सिर्फ जरूरत के अनुसार करना चाहिए. इससे न सिर्फ विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि युद्ध के दुष्प्रभाव भी कम होंगे।

भारत वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा: प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत रिन्यूएबल और वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा के उत्पादन में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है, साथ ही पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देकर आयात कम करने में प्रगति हुई है। ऊर्जा रणनीति पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा, सरकार का पहला लक्ष्य हर घर तक एलपीजी पहुंचाना था और अब सस्ती पाइप्ड गैस आपूर्ति के विस्तार पर तेजी से काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार सीएनजी आधारित इकोसिस्टम को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है, ताकि ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाई जा सके।

पीएम ने क्यों की अपील: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार लोगों को युद्ध के प्रतिकूल प्रभावों से बचाने के लिए प्रयास कर रही है और नागरिकों से चुनौतियों से पार पाने और देश की मदद करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि युद्ध के कारण पेट्रोल और उर्वरक की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जब आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव होता है, तो संकट से निपटने के विभिन्न उपायों के बावजूद मुश्किलें बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा, इसीलिए, वैश्विक संकट के दौरान, देश को सर्वोपरि रखते हुए, हमें संकल्प लेने होंगे। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख संकल्प पेट्रोल और डीजल का विवेकपूर्ण उपयोग होना चाहिए।

तेल कंपनियों को....

तक पहुंचने का अनुमान है। यह आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि पर्दे के पीछे कुछ बहुत बड़ा हो रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी पीएम मोदी की इस अपील को आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरी बताया।

मातृत्व, पालन-पोषण व सामाजिक संवेदनाओं के नाम रहा 'ममता 2026'

तस्वीरों, संवाद और संवेदनाओं के बीच मनाया गया 'मातृत्व' का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हर हेल्थ द्वारा आयोजित दो दिनी 'ममता 2026- मातृत्व की भावनाएं लेंस के माध्यम से' फोटोग्राफी प्रदर्शनी का रविवार को रवींद्र भवन में समापन हुआ। कार्यक्रम में सुहृद पेरेंटिंग ग्रुप का शुभारंभ मीता वाधवा के सहयोग से आयोजित किया गया। इस विशेष सत्र में बच्चों के समग्र विकास, सकारात्मक पालन-पोषण एवं भावनात्मक संवेदनशीलता जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर डॉ. काकोली रॉय ने बच्चों के बेहतर पालन-पोषण, पारिवारिक संवाद और संस्कारयुक्त वातावरण की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मालती राय ने ममता 2026 जैसी सामाजिक एवं जागरूकता आधारित पहल की सराहना की। वहीं शाम की बेला में सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रचना दुबे एवं वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं प्रिंट आर्टिस्ट अनुराग दुबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मूविंग फॉर्म्स आवासीय कला कार्यशाला आज

भोपाल। आर्ट डिजाइन टीचर्स फोरम द्वारा आयोजित आवासीय कला कार्यशाला मूविंग फॉर्म्स का उद्घाटन सोमवार, 11 मई को सुबह 9:30 बजे अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, में होगा। मुख्य अतिथि मानव संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे तो विशेष अतिथि के रूप में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की एसोसिएट डायरेक्टर निशा बुटोलिया उपस्थित रहेंगी।

// कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल (म.प्र.) //

पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री क्रय करने हेतु 03 माह के लिऐ अनुबंध हेतु

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पी.टी.एस. (एमटी), पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री (स्टोर-2 भाग-2) क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु खुली ई-निविदा आंमत्रित की गई है। नियम एवं शर्तें तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रकाशन की दिनांक	06/05/2026 के 17:00 बजे
निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक	06/05/2026 के 18:00 बजे
प्री-बिड मीटिंग दिनांक	08/05/2026 के 11:00 बजे
निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक	09/05/2026 के 11:00 बजे
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक	27/05/2026 के 14:00 बजे
तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक	28/05/2026 के 16:00 बजे

पुलिस अधीक्षक
पी.टी.एस. (एमटी)
भोपाल

जी -12645/26 स्वच्छता ही सेवा

स्कोप डिफेंस एकेडमी के छात्र हैं दोनों

अविराज एवं सार्थक को एनडीए की परीक्षा में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अविराज रावत

सार्थक व्यास

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित स्कोप डिफेंस एकेडमी के छात्र अविराज रावत एवं सार्थक व्यास ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एकेडमी का नाम गौरवान्वित किया है। एकेडमी के निदेशक मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ परीक्षा की तैयारी की, जिसका परिणाम आज इस सफलता के रूप में सामने आया है। उन्होंने जानकारी दी कि रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अनुभवी अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन एवं तैयारी उपलब्ध कराई जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश हेतु मोबाइल नंबर 7880083440 पर संपर्क कर सकते हैं। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में विद्यार्थियों की सफलता विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य जिला-उमरिया (म.प्र.)

क्र./E-Tender/निर्माण/2026-27/1913 ई-निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण उमरिया दिनांकः- 04/05/2026

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा भवन एवं विद्युत कार्य हेतु जारी एस.ओ.आर. दिनांक 01 जनवरी 2024 से प्रभावशील तथा सड़क निर्माण कार्य हेतु जारी एस.ओ.आर. दिनांक 11.04.2025 पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधानों सहित) निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां http://mptender,gov,in पर देखी जा सकती है।

1. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 20.05.2026
2. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 22.05.2026

क्र.	NIT No.	Online NIT No.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेके की अनुमानित राशि लाखों में	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने अवधि	उचित पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1		TWD/ TENDER NO- 504486-1	उमरिया जिले के विकास खण्ड पाली में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति संस्थाओं/जनजाति/ छात्रावास/ विद्यालयों/विशिष्ट - संस्थाओं आश्रमों एवं शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवाला निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य) विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य, पुताई, पेटिंग वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढीकरण दरवाजे-खिड़की, छत/फर्श निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध।	10000	150.00 लाख	150000	12 माह (3 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
2		TWD/ TENDER NO- 504373-1	उमरिया जिले के विकास खण्ड करकेली में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित/जनजाति/छात्रावास/विद्यालयों/विशिष्ट संस्थाओं आश्रमों एवं शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य) विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य, पुताई, पेटिंग वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढीकरण दरवाजे-खिड़की, छत/फर्श निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध।	10000	150.00 लाख	150000	12 माह (3 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
3		TWD/ TENDER NO- 504394-1	उमरिया जिले के विकास खण्ड मानपुर में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति /जनजाति/छात्रावास/विद्यालयों/ विशिष्ट संस्थाओं आश्रमों एवं शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन का कार्य) विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य, पुताई, पेटिंग वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढीकरण दरवाजे-खिड़की, छत/फर्श निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास एवं अन्य मद अन्तर्गतं स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध।	10000	150.00 लाख	150000	12 माह (3 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार

निविदा से संबंधित सभी अभिलेख/दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेगें। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नही किया जावेगा।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य उमरिया
जिला उमरिया (म.प्र.)

जी - 12629/26 स्वच्छता ही सेवा है।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,04/04/26, 01/05/26

आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955
D-17/5/26

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
सम्पर्क 9755600569, 8200502943, 7748022609

अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खेजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

शब्द पहेली - 6222



बाएँ से दाएँ
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

ऊपर से नीचे
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

शब्द पहेली- 6221 का हल

स	ज	दा	क	र	ना		म	त	वा	ला
ह	य		त		का	म	ना		दा	वा
न		बे	र	ह	म		ना	य		रि
शी	ल	वा	न		या	द		नी	र	स
ल		प		ख	ब	र	ची		न	
ता	र	न	हा	र		का	न	भ	र	ना
	म		र	ह	ब	र		यं		प
प्र	ण	य		य	हु		ब	क	वा	स
ति		दा	स		बे	क	रा	र		न्द
का	न		चि	य	ग		म		क	हो
र	म	जा	न		म	द	द	क	र	ना

सूडोकु नवताल - 6232

मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6231 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

भारत के जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र का योगदान अगले एक दशक में 10 फीसदी करने का है लक्ष्य: बिल्ला

बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना सुनिश्चित

एजेंसी ▶▶ नोएडा

सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय नेजावेद अशरफ, अध्यक्ष, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में दो-दिवसीय 15वें इंडियन एग्ज़िबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन ओपन सेमिनार और एग्जिबिशन सर्विसेज एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया।

सुमन बिल्ला, अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक, पर्यटन मंत्रालय ने कहा है कि भारत का लक्ष्य अगले दशक में जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र के योगदान को मौजूदा 5 फीसदी से बढ़ाकर 10 फीसदी करना है। इस वृद्धि का मुख्य कारण बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना बताया जा रहा है, जैसे कि 2014 से अब तक हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 150 हो जाना, और घरेलू यात्राओं की भारी संख्या। बिल्ला ने कहा कि 10 फीसदी का यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विज़न के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य पर्यटन के आर्थिक प्रभाव को बढ़ाना है। इसमें रेल/सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षमता विस्तार पर विशेष ज़ोर दिया गया है। जहां एक ओर घरेलू पर्यटन का आंकड़ा 1.5 अरब यात्राओं को पार कर चुका है, वहीं बिल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि अब केवल 'फुटफॉल' (आने वाले लोगों की संख्या) गिनने के बजाय, 'हाई-वैल्यू ट्रैवल' (उच्च-मूल्य वाली यात्राओं) और राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

एग्जिबिशन सर्विसेज एक्सपो 2026 का उद्घाटन

घरेलू पर्यटन का आंकड़ा 1.5 अरब यात्राओं को पार कर चुका

पर्यटन अभी भी एक कम-उपयोग किया गया इंजन बना हुआ है

बिल्ला ने यह भी कहा कि पर्यटन अभी भी एक कम-उपयोग किया गया इंजन बना हुआ है, और अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए इसे अपनी मौजूदा 'कमरा क्षमता' को तीन गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। जावेद अशरफ, अध्यक्ष, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइज़ेशन ने अपने मुख्य भाषण में कहा कि भारत की एग्ज़िबिशन इंडस्ट्री (प्रदर्शनी उद्योग) एक बड़े बदलाव के दौर से गुज़र रही है। अब व्यापार मेले केवल प्रचार-प्रसार के मंच तक ही सीमित नहीं रह गए हैं बल्कि वे आर्थिक विकास, निर्यात, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रमुख इंजन बनते जा रहे हैं। भारत में अपार संभावनाएं मौजूद हैं, जिसका मुख्य कारण यहाँ के विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, स्टार्टअप इकोसिस्टम और लगातार बढ़ता हुआ घरेलू बाज़ार है।

विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों का उपयोग करने पर जोर

प्रौद्योगिकी डिजिटल पंजीकरण प्रणालियों, एआई - संचालित मैचमेकिंग, हाइब्रिड कार्यक्रम प्रारूपों, डेटा एनालिटिक्स और आगंतुक जुड़ाव के उन्नत उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शनियों को नया रूप दे रही है। प्रदर्शनियों का भविष्य भौतिक संपर्क और डिजिटल बुद्धिमत्ता का मेल होगा। दो दिवसीय आईईआईए कार्यक्रम ने प्रदर्शनी उद्योग की सबसे प्रभावशाली हस्तियों और नवप्रवर्तकों को एक छत के नीचे इकट्ठा किया है। प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। इस कार्यक्रम ने पूरे भारत और दुनिया भर से सीईओ , प्रबंध निदेशक और प्रमुख निर्णय निर्माताओं को एक साथ लाया है। जिनमें प्रदर्शनी आयोजक, व्यापारिक निकायों और क्षेत्रीय संघों के प्रमुख, सरकारी अधिकारी, सेवा प्रदाता और कार्यक्रम स्थलों के प्रतिनिधि शामिल हैं ।

खबर संक्षेप

सैमसंग गैलेक्सी एम-एफ सीरीज पर स्पेशल ऑफर

गुरुग्राम । सैमसंग ने गैलेक्सी एम और एफ सीरीज के चुनिंदा 5जी स्मार्टफोन्स पर 12,000 तक की भारी कटौती की है। गैलेक्सी एम56 5जी और एम36 5जी क्रमशः 21,999 और 16,999 से शुरू हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, गैलेक्सी एफ70ई 5जी और एफ36 5जी भी रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। ग्राहक इन डिवाइसेस को बेहतरीन कीमत पर खरीद सकते हैं हर डिवाइस में हाई-रेज़ोल्यूशन कैमरा सिस्टम, मजबूत डिज़ाइन, एआई-पावर्ड टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट जैसी एडवांस्ड तकनीकें दी गई हैं।

रसना ग्रुप के चेयरमैन की नई किताब लांच

मुंबई। रसना ग्रुप के चेयरमैन और अरीज खंबाटा बेनेवोलेंट ट्रस्ट और रसना फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी पीरूज अरीज खंबाटा ने अपनी नई किताब अशोईः द जोरास्ट्रियन आर्ट ऑफ सक्सेस एंड इम्मोरलिटी लांच करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने एक नए एंटरप्रेन्योरशिप फंड का भी अनावरण किया, जिसका उद्देश्य पारसी समुदाय के साथ-साथ अन्य लोगों में बिजनेस, लीडरशिप और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

इंडसइंड का 'प्लस1 इन योर मदरहुड जर्नी' कैंपेन

मुंबई। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने मदर्स डे के अवसर पर अपना नया कैंपेन प्लस1 इन योर मदरहुड जर्नी लांचकिया है। यह कैंपेन एक बेहद संवेदनशील लेकिन अक्सर अनदेखे सच को सामने लाता है कि मातृत्व की शुरुआत बच्चे के जन्म से नहीं, बल्कि उस पल से होती है जब एक महिला मां बनने की इच्छा महसूस करती है। कंपनी के डिजिटल बिजनेस, मार्केटिंग और स्ट्रैटेजी तरुण खन्ना ने कहा कि इस कैंपेन का मुख्य आकर्षण एक भावनात्मक फिल्म है, जिसकी कहानी एक फर्टिलिटी क्लिनिक में आधारित है।

पाटिल ऑटोमेशन का राजस्व 28 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 और दूसरी छमाही के ऑडिटेड वित्तीय नतीजों का ऐलान किया। वेल्डिंग, असेंबली और रोबोटिक्स-इंटीग्रेटेड ऑटोमेशन सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी ने मजबूत प्रदर्शन के साथ इंडस्ट्री में अपनी पकड़ और मजबूत की। कंपनी ने वित्त 2026 कीदूसरी छमाही में कुल आय 83.27 करोड़, एबिटडा 13.73 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 8.32 करोड़ रुपए अर्जित की। जबकि वित्तवर्ष 2026 में कंपनी की कुल आय 156.82 करोड़ रुपए , एबिटडा 26.69 करोड़ रुपए एवं 15.85 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त किया।

आईसीईएमए की घोषणा सीई ने दिखाई मजबूती

नई दिल्ली। इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईसीईएमए) ने घोषणा की कि भारतीय कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट (सीई) इंडस्ट्री में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल इक्विपमेंट बिक्री में करीब 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। कुल बिक्री वित्त वर्ष 2025 के 1,40,191 यूनिट से घटकर 1,36,995 यूनिट रह गई। इंफ्रास्ट्रक्चर एग्जीक्यूशन की धीमी रफ्तार और प्रोजेक्ट्स में देरी से जुड़ी घरेलू बाजार की अस्थायी चुनौतियों के बावजूद, निर्यात में 32त्न के मजबूत उछाल ने इंडस्ट्री को संभाले रखा।

अमेजन ग्रेट समर सेल में बंपर ऑफर

मुंबई। अमेजन इंडिया ने घोषणा की कि ग्रेट समर सेल 2026 8 मई से शुरू इस सेल में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, घर, किचन, बड़े अप लायंस, किराना और रोजमर्रा की जरूरी चीजों सहित एआई से चुने गए कई प्रोडक्ट्स मिलेंगे। ग्राहकों को सैमसंग, ऐप्पल, वनप्लस, डेल, हायर, नाइके, मोकोबारा, टोक्यो टॉकीज, सीओएसआरएक्स, लेगो, स्लीपवेल और पैंपर्सजैसे बड़े ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट्स और शानदार डील्स देखने को मिलेंगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी संभालेगी पदभार, कई दिग्गज हस्तियां होंगी शामिल

फेडरेशन मप्र चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का स्वर्ण जयंती समारोह कल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के स्वर्ण जयंती समारोह एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन 12 मई को भव्य रूप से किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में प्रदेश सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री, उद्योग जगत की हस्तियां और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मंत्री चेतन्यकुमार काश्यप, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, श्रम, पंचायत एवं ग्रामीय विकास विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल प्रमुख रूप से मौजूद होगें।

इसके अलावा समारोह में फेडरेशन के फेडरेशन के संरक्षण गिरीश अग्रवाल, अध्यक्ष हिमांशु खरे, पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, संयुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पोरवाल, अखिलेश राठी सहित समस्त प्रबंध समिति सदस्या मौजूद होंगे। । कार्यक्रम में संस्था के 50 वर्षों की उपलब्धियों, व्यापार और उद्योग क्षेत्र में योगदान तथा आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। नई कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण के साथ संगठन व्यापारियों और उद्योगों के हितों को लेकर नई रणनीति और कार्ययोजना प्रस्तुत कर सकता है। समारोह में व्यापार, उद्योग और प्रदेश के आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। फेडरेशन सचिव के अनुसार समारोह में संस्था की उपलब्धियों, व्यापारिक गतिविधियों और उद्योग क्षेत्र में योगदान को भी प्रस्तुत किया जाएगा।

FEDERATION of MP CHAMBERS OF COMMERCE AND INDUSTRY

समारोह की प्रमुख बातें

- 12 मई को आयोजित होगा स्वर्ण जयंती समारोह
- नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं नई कार्यकारिणी संभालेगी जिम्मेदारी
- प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री होंगे शामिल
- व्यापार और उद्योग जगत की बड़ी हस्तियां रहेंगी मौजूद
- संस्था की 50 वर्षों की उपलब्धियों पर होगा विशेष प्रस्तुतीकरण

कई साल तक ऊंची रहेंगी तेल की कीमतें, दिग्गज अर्थशास्त्री की चेतावनी, भारत पर होगा डबल अटैक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियाई विकास बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट अल्बर्ट पार्क ने बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि कच्चे तेल (क्रूड) की कीमतें आने वाले सालों में भी ऊंची रहने की आशंका है। मिडिल ईस्ट में लंबे समय तक तनाव जारी रहने से ऐसा होगा। उन्होंने आगाह किया है कि इससे एक ओर जहां भारत की ग्रोथ पर असर पड़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ महंगाई बढ़ने का डर है। पार्क ने बताया कि तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

नए अनुमान के मुताबिक 2026 में औसत कीमत 96 डॉलर प्रति बैरल रहने के आसार हैं। 2027 में भी यह 80 डॉलर प्रति बैरल के ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है। लिहाजा, हमारा मानना है कि तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहेंगी। एक्सपर्ट ने आगे बताया कि कैसे फ्यूचर मार्केट अब अगले साल भी कीमतों पर लगातार दबाव बने रहने का संकेत दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमने हमेशा स्पॉट मार्केट की कीमतों और नजदीकी वायदा बाजार की कीमतों के बीच एक तरह का प्रीमियम देखा है। कारण है कि अभी तेल की भारी कमी है।'

भारत पर डबल अटैक

पार्क ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट से 2026-27 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.6 फीसदी तक कम हो सकती है। इससे भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ घटकर 6.3 फीसदी रह जाएगी। यही नहीं, इसके चलते महंगाई का दबाव तेजी से बढ़ सकता है। इससे पहले अप्रैल में एशियाई विकास बैंक ने अनुमान लगाया था कि भारत की अर्थव्यवस्था इस वित्त वर्ष में 6.9 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 7.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इसे मजबूत घरेलू मांग का सहारा मिलेगा। महंगाई का अनुमान 4.5 फीसदी लगाया गया था।

स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने सानोफी इंडिया और एनएचएम के बीच एमओयू

मप्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर आधारित

समझौते पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश (एनएचएम)ने राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए सानोफी इंडिया लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य मधुमेह जैसे गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करना तथा दुर्लभ रोगों से पीढ़ित मरीजों को सहयोग प्रदान करना है।

इस एमओयू पर डॉ. सलोनी सिडाना (मिशन निदेशक एनएचएम मप्र) और दीपक अरोड़ा (प्रबंध निदेशक, सनोफी इंडिया लिमिटेड) द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह पहल मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर आधारित है। समझौते के तहत निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों में कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. सलोनी सिडाना (मिशन निदेशक एनएचएम मप्र) ने कहा कि यह पहल राज्य में विशेष रूप से दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करेगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से लोगों को उनके क्षेत्र में ही निःशुल्क जांच, उपचार और डॉक्टरों से टेली-परामर्श की सुविधा मिलेगी। दीपक अरोड़ा ने कहा कि सनोफी स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाने और मरीजों के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की साझेदारियों के प्रति प्रतिबद्ध है।

जुमेराती से बेलदारपुरा मार्ग की उधड़ी सड़क, रोजाना हादसों का खतरा

दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर हो रहे घायल

पुराने शहर की सड़कें बनीं मुसीबत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के पुराने शहर की बदहाल सड़कें अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी और खतरे का कारण बनती जा रही हैं। जुमेराती से बेलदारपुरा तक जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह उधड़ चुका है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। यह मार्ग पुराने शहर के प्रमुख बाजारों को जोड़ता है, जहां दिनभर भारी ट्रैफिक रहता है। खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है, वहीं दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बारिश के बाद सड़क की हालत और खराब हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को रास्ता समझ नहीं आता और दुर्घटनाएं हो रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि सड़क की बदहाली का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं, जिससे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र के रहवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग केवल आश्वासन दे रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने और पूरे मार्ग का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्मार्ट सिटी और विकास के दावों के बीच पुराने शहर की सड़कों की यह हालत प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनआंदोलन किया जाएगा।

बिरला कॉर्पोरेशन ने का शुद्ध लाभ 15 फीसदी बढ़ा

कोलकाता। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्तवर्ष 25-26 को रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री और पूरे साल के शुद्ध लाभ में मजबूत वृद्धि के साथ समाप्त किया, और बाजार की सुस्त स्थितियों पर काबू पाया। कंपनी का इस वर्ष का शुद्ध लाभ 558 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 89 रुपये की वृद्धि दर्शाता है। ब्लेंडेड और प्रीमियम सीमेंट दोनों की बिक्री में भारी मात्रात्मक वृद्धि के दम पर, कंपनी की पूरे साल की समेकित सीमेंट बिक्री 18.72 मिलियन टन के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंची। कंपनी ने पूरे साल के लिए 95 प्रतिशत क्षमता उपयोग हासिल किया, जबकि इंडस्ट्री का अनुमानित औसत लगभग 70 प्रतिशत था। सीमेंट उत्पादन भी इस वर्ष के दौरान एक मील के पत्थर तक पहुंचा, और पहली बार 19 एमटी के स्तर पर पहुंचा। संदीप घोष, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ने कहा कि परिचालन दक्षता में लगातार सुधार के साथ, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बाजार हिस्सेदारी के प्रीमियमकरण और मूल्य निर्धारण के अपने रास्ते पर चलना जारी रखा है।

बिजनेस न्यूज

एलएनसीटी में टेडेक्सएलएनसीटी 2026 का आयोजन, दिया चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश

भोपाल। लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल में टेडेक्सएलएनसीटी भोपाल 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन, उद्योग, खेल, स्वास्थ्य, उद्यमिता एवं टेक्नोलॉजी से जुड़े प्रतिष्ठित वक्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भोपाल कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा, आईएएस ने विद्यार्थियों को आत्म-जागरूकता, अनुशासन और नेतृत्व के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने चाहिए तथा निरंतर आत्ममूल्यांकन के माध्यम से स्वयं को बेहतर बनाते रहना चाहिए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एवं यूनिसेफ इंडिया यूथ एडवोकेट गौरांशी शर्मा, जिन्होंने सुनने और बोलने में कठिनाई जैसी चुनौतियों के बावजूद 2022 डेफ्लंपिक्स, ब्राज़ील में स्वर्ण पदक जीतने की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उनके संघर्ष और सफलता की कहानी ने उपस्थित विद्यार्थियों को भावुक और प्रेरित किया। सीमेंस इंडिया में इंडिया लीड कैंपस हायरिंग एवं एम्प्लॉयर ब्रांडिंग हेड अजय वीरेंद्र ब्रह्मभट्ट ने बदलती कार्यसंस्कृति और स्किल आधारित करियर पर अपने विचार रखे। इसके अलावा कार्यक्रम में अविनाश तलरेजा , डॉ. साहिबा बावा, जैनुल आबेदीन , प्रथमेश भोसले तथा वेंकटेश्वरन रामासेशन ने भी अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने करियर, स्वास्थ्य, स्पेस टेक्नोलॉजी, नेतृत्व, उद्यमिता और भविष्य की संभावनाओं पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर एनएलसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर नवाचार, रचनात्मक सोच और व्यावहारिक ज्ञान की ओर प्रेरित करते हैं।वहीं डॉ. अनुज गर्ग, डायरेक्टर- ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, एनएलसीटी ग्रुप ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल, लीडरशिप और अनुकूलन क्षमता भी अत्यंत आवश्यक है।

भाभा यूनिवर्सिटी में विदाई समारोह.....वीणा और आयुष मिस मिस्टर फेयरवेल

भोपाल। भाभा यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय द्वारा बीएससी बीएड के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल का आयोजन किया गया । यूनिवर्सिटी के कुल सचिव डॉक्टर श्याम पाटकर एवं अधिष्ठाता डॉक्टर दीपा बक्शी ने छात्रों को अपने उद्बोधन में उन्हें भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला पूरी ऊर्जा एवं जोश के साथ करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी । वीणा तुरकर को मिस फेयरवेल वा आयुष बनिया को मिस्टर फेयरवेल चुना गया । प्रशिका बोरकर को उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर स्टार आफ द बेचलर चुना गया । यूनिवर्सिटी की सीईओप्रसाद पिल्लई एवं उपकुलपति डॉ.भारती सातनकर ने भी सभी विद्याथियों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रथम वर्ष के विद्यार्थीयों मे से प्रशांत पटेल को मिस्टर फ्रेशर व खुशी तिवारी को मिस फ्रेशर चुना गया । कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षकों के साथ द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे ।

बीओबी का मुनाफा 11 फीसदी बढ़कर 5,616 करोड़ हुआ

भोपाल। बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्तीय वर्ष 2026 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए अपने स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में 11.25 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए 5,615.68 करोड़ का लाभ बताया। पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में बीओबी का लाभ 5,047.73 करोड़ था। तिमाही आधार पर बीओबी का मुनाफा वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में 5,054.63 करोड़ से बढ़कर 11 फीसदी हो गया। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान परिचालन आय में सालाना आधार पर 1.4 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 16,460 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जबकि वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में परिचालन लाभ सालाना आधार पर 11.5फीसदीबढ़कर 9,069 करोड़ हो गयापूरे वित्तीय वर्ष 2026 के लिए, BoB का स्टैंडअलोन लाभ 2.25 फीसदी बढ़कर 20,021.06 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 25 में 19,581.15 करोड़ रुपए था।

टाटा ने लांच किया नेक्सॉन प्योर प्लस पीएस, कीमत सिर्फ 9.59 लाख रुपए

मुंबई। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी टाटा नेक्सॉन का नया वेरिएंट नेक्सॉन प्योर प्सल पीएस लांच कर दिया है। कंपनी ने इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.59 लाख रखी है। खास बात यह है कि यह भारत की पहली ऐसी कार बन गई है, जो 10 लाख रूपए से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ फीचर ऑफर करती है। कंपनी की मजबूत मल्टी-पावरट्रेन रणनीति को आगे बढ़ाते हुए, नई टाटा नेक्सॉन प्योर प्लस पीएस भारत के सबसे ज्यादा फ्यूल एफिशिएंट डीजल पावरट्रेन (एमटी और एएमटी) के साथ उपलब्ध होगी। वहीं पेट्रोल (एमटी और एएमटी) और ट्विन सिलेंडर आईसीएनजी (एमटी) वेरिएंट्स में सेगमेंट का सबसे पावरफुल 1.2-लीटर टर्बोचार्ज्ड इंजन मिलेगा। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने 10 लाख रुपए से कम कीमत में भारत का पहला पैनोरमिक सनरूफ देने वाला नया प्योरप्लस पीएस वेरिएंट इसकी मजबूती को और बढ़ाता है।

साल के अंत तक 250 आश्रय केंद्रों की अमेजन करेगा संख्या

नई दिल्ली। अमेजन साल 2026 के अंत तक अपने आश्रय केंद्रों की संख्या 250 पहुचाने का लक्ष्य रखा है। इसी विस्तार के अंतर्गत मई के अंत तक 50 नए आश्रय केंद्र शुरू किए जाएंगे। आश्रय केंद्र सभी डिलीवरी ड्राइवर्स के लिए अमेजन के समर्पित रेस्ट सेंटर हैं, जहां अन्य कंपनियों के डिलीवरी ड्राइवर भी आ सकते हैं। यहाँ पर उन्हें एयरकंडीशंड सीटिंग, पीने के लिए साफ पानी, इलेक्ट्रोलाइट, मोबाईल चार्जिंग पॉइंट, स्वच्छ वॉशरूम, फर्स्ट एड किट और आराम करने की जगह मिलती है। ये सेंटर भीषण गर्मियों के मौसम में डिलीवरी ड्राइवर्स को आराम करने और फिर से रिचार्ज होने का स्थान प्रदान करते हैं। इस समय भारत के 16 शहरों में 100 आश्रय केंद्र हैं, जहाँ साल 2025 में पूरे उद्योग के डिलीवरी ड्राईवर्स की एक मिलियन से अधिक वि?टि दर्ज हुई थीं।

चिंतन

विजय के लिए चुनावी वादे निभाना बड़ी चुनौती

मिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से नेता बने विजय थलापति (सी. जोसेफ विजय) का उदय केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि राज्य की पारंपरिक राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। दो साल पुरानी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीतकर यह साबित कर दिया कि जनता अब पुराने राजनीतिक समीकरणों से आगे बढ़कर नए विकल्प तलाश रही है, लेकिन अब विजय के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता से किए गए भारी-भरकम वादों को पूरा करने की है। तमिलनाडु में पिछले कई दशकों से द्रविड़ राजनीति का दबदबा रहा है। डीएमके और एआईडीएमके जैसी पार्टियों ने राज्य की सत्ता को लगभग अपने बीच ही सीमित रखा। ऐसे में विजय का मुख्यमंत्री बनना ऐतिहासिक माना जा रहा है। हालांकि राजनीति में लोकप्रियता जितनी तेजी से मिलती है, उतनी ही तेजी से जनता उम्मीदें भी पाल लेती है। यही उम्मीदें अब विजय सरकार की सबसे कठिन परीक्षा बनने वाली हैं। टीवीके को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। सरकार बनाने के लिए कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल जैसे दलों का समर्थन लेना पड़ा। फिलहाल सरकार संख्या बल पर सुरक्षित दिखाई देती है, लेकिन गठबंधन सरकारों में स्थिरता हमेशा एक चुनौती होती है। इससे भी बड़ी चुनौती उनकी चुनावी घोषणाएं हैं। महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता, प्रत्येक परिवार को छह मुफ्त गैस सिलेंडर, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में 8 ग्राम सोना और सिल्क साड़ी जैसी योजनाएं सुनने में आकर्षक जरूर लगती हैं, लेकिन इनके लिए भारी बजट की आवश्यकता होगी। तमिलनाडु पहले से ही घाटे और कर्ज के दबाव से गुजर रहा है। ऐसे में यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर अधिक ध्यान देती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। यही कारण है कि राजनीतिक विश्लेषक विजय को केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल रखने की सलाह दे रहे हैं। उसे बुनियादी ढांचे, निवेश, सेमीकंडक्टर, रक्षा उद्योग, शिक्षा नीति और रोजगार परियोजनाओं के लिए केंद्र के सहयोग की आवश्यकता है। यदि विजय केंद्र के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखते हैं तो राज्य को आर्थिक सहायता और नई परियोजनाओं का लाभ मिल सकता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह संबंध महत्वपूर्ण होंगे। अल्पमत जैसी स्थिति में किसी भी सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए दिल्ली से अच्छे रिश्ते अप्रत्यक्ष रूप से मददगार साबित होते हैं। इसलिए विजय को भावनात्मक राजनीति के बजाय व्यावहारिक और संतुलित राजनीति अपनानी होगी। दूसरी तरफ, प्रशासनिक अनुभव की कमी भी विजय के सामने बड़ी चुनौती है। फिल्मों में नायक बनना और वास्तविक शासन चलाना दो अलग-अलग बातें हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सरकार की कार्यशैली जल्द ही परखी जाएगी। यदि सरकार वादों को समय पर पूरा नहीं कर पाई तो जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। तमिलनाडु की जनता ने विजय को केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि उम्मीद और बदलाव के प्रतीक के रूप में सत्ता सौंपी है, लेकिन राजनीति में असली पहचान लोकप्रियता से नहीं, बल्कि शासन क्षमता से बनती है। विजय के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती चुनावी वादों, आर्थिक संतुलन, गठबंधन की मजबूरियों और प्रशासनिक अनुभव की कमी के बीच सही रास्ता चुनने की है।

बदलाव
राज कुमार सिन्हा

दशकों से चली आ रही द्रविड़ राजनीति की दो पार्टियों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

द्रविड़ राजनीति में विजय का उदय

वर्तमान तमिलनाडु की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव आया है। दशकों से चली आ रही द्रविड़ राजनीति की दो पार्टियों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 107 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने टीवीके पार्टी के अध्यक्ष जोसेफ विजय द्वारा सरकार बनाने के दावे को खारिज कर दिया था। जबकि टीवीके के संस्थापक जोसेफ विजय राज्यपाल अर्लेकर से दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने का निमंत्रण देने का अनुरोध किया था। जोसेफ विजय को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने में राज्यपाल की देरी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई।

यह सर्वविदित है कि संविधान द्वारा शासित संसदीय लोकतंत्र में, किसी राजनीतिक दल या गठबंधन को बहुमत प्राप्त है या नहीं, यह प्रश्न केवल सदन के पटल पर ही निर्धारित किया जा सकता है। दूसरी ओर डीएमके और एआईडीएमके के बीच वार्ता और एडप्पाडी पलानीस्वामी के नेतृत्व में सरकार बनाने के प्रयासों की खबरें भी आई जो जनादेश के विरुद्ध था। तमिलनाडु में अंदरखाने राष्ट्रपति शासन लगाने की चर्चा होने लगी थी। विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने अपना समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। तमिलनाडु में सरकार गठन के लिए 118 विधायकों का समर्थन चाहिए था, जो अब 121 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके बाद टीवीके की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस चुनाव में विजय ने दो विधानसभा सीटों से जीत हासिल की है। हालांकि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन उसके बाद भी सरकार बनाने को लेकर जोसेफ विजय को काफी दिक्कतें आई हैं। हालांकि, मुश्किलों को हल करने में राहुल गांधी की भूमिका काफी अहम रही है। तमिलनाडु में टीवीके चीफ विजय ने रविवार को राज्य के 9वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इनके साथ नौ लोगों ने मंत्री पद की शपथ ली है। जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके का उदय तमिलनाडु की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। यह केवल एक फिल्म अभिनेता के राजनीति में आने की घटना नहीं है, बल्कि राज्य की बदलती सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों, युवाओं की अपेक्षाओं और द्रविड़ राजनीति के भीतर उभरते खाली स्थान का परिणाम भी है। विजय तमिल सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में से हैं। उनकी फिल्मों में अक्सर सामाजिक न्याय, भ्रष्टाचार विरोध और युवा शक्ति जैसे मुद्दे दिखाए जाते रहे हैं। उनका प्रशंसक नेटवर्क वर्षों से संगठित रूप में काम कर रहा था, जो अब राजनीतिक ढांचे में बदला गया है। टीवीके ने अभी तक खुद को पूरी तरह किसी एक वैचारिक ध्रुव से नहीं जोड़ा है। वे द्रविड़ पहचान, सामाजिक न्याय और तमिल अस्मिता को बनाए रखते हुए "सर्वसमावेशी" छवि बनाना चाहते हैं। वे युवाओं को रोजगार, पारदर्शी व्यवस्था और सुशासन पर जोर देकर नई पीढ़ी को द्रविड़

राजनीति में जोड़ा है। इस बार के चुनाव में एआईएडीएमके का वोट शेयर लगभग 12 प्रतिशत तक गिरा है। इस बार पार्टी तीसरे नंबर पर पहुंच गई है, बल्कि वह मुख्य विपक्षी दल का दर्जा भी गंवा बैठी है।

डीएमके और एआईएडीएमके दोनों पार्टियां पेरियार और अन्नादुरई के सिद्धांतों जैसे सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, हिंदी विरोध को मानती हैं। 1967 से तमिलनाडु में केवल इन दो पार्टियों ने ही सरकारें बनाई हैं, जो बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। दोनों ही पार्टियों का फिल्मी जगत से गहरा संबंध रहा है, जहां नेता अक्सर पटकथा लेखक या अभिनेता रहे हैं। डीएमके का उदय 1949 में हुआ था। सी.एन. अन्नादुरई ने पेरियार के कुछ विचारों से असहमति के बाद डीएमके बनाई, जो चुनावी राजनीति में उतरी। दक्षिण के बड़े अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन ने करुणानिधि से विवाद के बाद डीएमके से अलग होकर 1972 में एआईएडीएमके बनाई। बाद में जयललिता ने इस पार्टी की कमान संभाली थी। जयललिता भी दक्षिण की मशहूर अभिनेत्री थी। तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति का इतिहास 1916 में जस्टिस पार्टी की स्थापना से शुरू होकर आज की डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वैचारिक और सत्ता संघर्ष का 110 साल पुराना सफर है। जस्टिस पार्टी की शुरुआत गैर-ब्राह्मण आंदोलन से हुई, जो प्रशासन और शिक्षा में ब्राह्मण वर्चस्व के खिलाफ था। बाद में जस्टिस पार्टी को पेरियार ने द्रविड़ कड़गम में बदला, जिसका उद्देश्य 'स्वतंत्र द्रविड़ नाडु' और सामाजिक सुधार था। तमिलनाडु की राजनीति देश के बाकी राज्यों से काफी अलग मानी जाती है। ऐसा इसलिए कि यहां जाति, भाषा, धर्म, क्षेत्रीय पहचान और सामाजिक न्याय की राजनीति ने एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया जिसे 'द्रविड़ राजनीति' कहा जाता है। 1967 का विधानसभा चुनाव तमिलनाडु की राजनीति का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, जहां डीएमके ने कांग्रेस को हराकर सत्ता हासिल कर ली और सी. एन. अन्नादुरई मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था, जब किसी क्षेत्रीय दल ने राज्य में कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। इसके बाद तमिलनाडु की राजनीति लगभग पूरी तरह द्रविड़ दलों के नियंत्रण में आ गई। अन्नादुरई की मृत्यु के बाद एम. करुणानिधि डीएमके के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे। करुणानिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने और पांच बार इस पद पर आसीन हुए। उन्होंने 2016 तक हुए सभी 13 विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके एक रिकॉर्ड बनाया। 2018 में, उनके बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण, डीएमके की आम सभा की बैठक हुई और एम.के. स्टालिन को डीएमके का अध्यक्ष चुना गया था। 1980 और 1990 के दशक में तमिलनाडु की राजनीति पूरी तरह करुणानिधि बनाम जयललिता में बदल गई। दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक संघर्ष बेहद तीखा था। विधानसभा से लेकर सड़कों तक टकराव दिखाई देता था। तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी लोकप्रियता महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल स्टारडम से सत्ता नहीं मिलती। एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता सफल हुए क्योंकि उन्होंने मजबूत संगठन और जनकल्याणकारी राजनीति भी विकसित की थी। नई पार्टियों पर अक्सर आरोप लगता है कि वे केवल एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द बनी हैं। यदि टीवीके अलग-अलग चेहरों को आगे करती है, तो वह खुद को "संगठन आधारित पार्टी" के रूप में पेश कर सकती है। तमिलनाडु की राजनीति में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बेहद महत्वपूर्ण है। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
सतीश सिंह

महंगाई की मार से धीमी पड़ती विकास की रफ्तार

श्विक अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट और बाधित आपूर्ति श्रृंखलाएं विकास की गति पर भारी पड़ती दिखाई दे रही हैं। दुनिया भर में खाद्य पदार्थों, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि ने महंगाई को फिर वैश्विक चिंता के केंद्र में ला खड़ा किया है। इसका सीधा असर विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार वैश्विक खाद्य कीमतें पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। अप्रैल महीने में फूड कमोडिटी प्राइस इंडेक्स में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना मं 2.5 प्रतिशत अधिक है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष है, जिसने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ईरान युद्ध को दस सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है। यह वही सामरिक समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। इस मार्ग में व्यवधान आने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा असर पड़ा है। ईंधन, उर्वरक, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिसके कारण उनकी कीमतों में तेज उछाल आया है। सबसे अधिक प्रभाव खाद्य तेलों पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बायो-फ्यूल की मांग बढ़ा दी है, जिसके कारण वेजिटेबल ऑयल की कीमतें मार्च की तुलना में अप्रैल महीने में लगभग 6 प्रतिशत बढ़ गई हैं। यह जुलाई 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अनाज की कीमतों में भी लगातार तेजी बनी हुई है। यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो आने वाले समय में वैश्विक खाद्य संकट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

भारत में भी महंगाई के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। अप्रैल महीने में दैनिक उपयोग की 20 में से 16 वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। खाने के तेल, टमाटर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने खुदरा महंगाई को लगभग 4 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचा दिया है। महंगाई का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था की गति को प्रभावित करता है। पैकेजिंग सामग्री, ऊर्जा और परिवहन लागत बढ़ने से एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ गई है। आने वाले महीनों में साबुन, तेल, बिस्किट और अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। यूरिया, एल्युमीनियम, सोया तेल और गेहूं जैसी आवश्यक वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। इसका असर उद्योगों, निर्माण क्षेत्र और कृषि लागत पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कृषि क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हो रहा है, क्योंकि उर्वरक, डीजल और परिवहन महंगे होने से खेती की लागत बढ़ रही है। इससे खाद्य कीमतों में और वृद्धि होने की संभावना है। महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि लोगों की आय का बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और रोजमर्रा के खर्चों में निकल जाता है, जिससे बचत घट जाती है। बचत कम होने से बैंकों और वित्तीय संस्थानों के पास निवेश के लिए पूंजी भी कम होती है। परिणामस्वरूप उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ने लगता है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने हालिया मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य महंगाई को नियंत्रित करना है, लेकिन ऊंची ब्याज दरों का असर निवेश और उपभोग दोनों पर पड़ता है। कर्ज महंगा होने से उद्योगों के विस्तार की गति धीमी होती है और नए निवेश प्रभावित होते हैं। इससे रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ता है। विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर पर इसका दबाव अधिक दिखाई दे रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग पहले ही ऊंची लागत और सीमित पूंजी से जूझ रहे हैं। अब ऊर्जा, परिवहन और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने उनकी चुनौतियां और बढ़ा दी हैं। यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो उत्पादन में गिरावट और रोजगार संकट गहरा सकता है। दरअसल, महंगाई केवल कीमतों में वृद्धि नहीं है; यह आर्थिक संतुलन को प्रभावित करने वाली वह प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे विकास की गति को कमजोर कर देती है। जब आम आदमी की क्रय शक्ति घटती है, उद्योगों की लागत बढ़ती है, निवेश धीमा पड़ता है और रोजगार के अवसर कम होते हैं, तब आर्थिक विकास की रफ्तार स्वतः कम हो जाती है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान

संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

राजा हैं तो भी घमंडी न बनें

संकलित
प्रेरणा

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गांव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूं। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी।

बेहाल



वनराज इस वक्त गर्मी से बेहाल हैं। कानपुर के जियोलॉजिकल पार्क में प्यास बुझाता शेर।

आज की पाती

सोच और कार्य व्यवहार बदलने ही चाहिए

जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यत:, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णत: संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से नि:संकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस-नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं।

– *मनिषा, रोहतक*

X ट्रेंड

स्वच्छ भारत अभियान

मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले। स्वच्छ भारत अभियान जैसे अनेक कार्यक्रम इसके प्रमुख उदाहरण हैं।
-**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

गहरी संवेदनाएं

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर के निधन से गहरा दुख हुआ। कांग्रेस विचारधारा के पथप्रदर्शक, उन्होंने अपना पूरा जीवन चित्रदुर्ग और कर्नाटक के गरीबों की सेवा में व्यतीत किया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

मां कामाख्या के दर्शन

असम का नया विधान भवन ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित है, जहां से दुनिया का सबसे छोटा नदी द्वीप उमानंदा दिखाई देता है। जब भी आप मां कामाख्या के दर्शन के लिए आएं, उमानंदा में बाबा के दर्शन अवश्य करें। इससे आपकी यात्रा सफल होगी
- **हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

डिजिटल क्रांति

हमारी डिजिटल क्रांति ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है। आज बुनियादी ढांचा भी अभूतपूर्व गति से विकसित हो रहा है, भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत तेजी से स्टार्टअप के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन गया है।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

करंट अफेयर

गड्ढे भरना नेताओं के बस की बात क्यों नहीं?

ब्रिटेन में सड़कों के गड्ढे न सिर्फ सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि ये वाहनों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों की रोजमर्रा की परेशानी और नाराजगी की बड़ी वजह भी हैं। स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान यह मुद्दा और भी उभरकर सामने आता है क्योंकि अधिकांश सड़कों का रखरखाव स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। अप्रैल में हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि सात मई के लिए निर्धारित चुनावों में पूरे ब्रिटेन में मतदाताओं के लिए सड़कों की हालत सबसे प्रमुख स्थानीय मुद्दा रही। 'द एस्फाल्ट इंडस्ट्री एलायंस' (एआईए) की 2025 की रिपोर्ट बताती है कि इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय सड़क नेटवर्क का 17 प्रतिशत हिस्सा खराब हालत में है। रिपोर्ट के अनुसार मरम्मत के लंबित कार्य को पूरा करने में 12 साल लगेंगे और 16 .81 अरब पाउंड खर्च होंगे। नेताओं के लिए गड्ढे भरने के आंकड़े गिनाकर वोट बटोरना आसान है, लेकिन इससे समस्या की जड़ नहीं सुलझती। गड्ढे अचानक नहीं बनते, होता यूं है कि सामान्य डामर सड़कों में बिटुमेन समय के साथ पुराना और भुरभुरा हो जाता है। वाहनों के बोझ से सड़क की सतह पर दरारें पड़ने लगती हैं। इन दरारों में पानी घुस जाता है और सर्दियों में जमने-पिघलने के चक्र तथा वाहनों के दबाव से ये दरारें चौड़ी होती जाती हैं।

ऑफ बीट

आइसक्रीम के स्वादों का अजीब इतिहास

इंग्लिश हेरिटेज अब अपनी 13 साइटों पर ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम बेच रहा है, जिसे वह 'ब्रेड के बाद सबसे अच्छी कटी हुई चीज' बताता है, जो जॉर्जियाई रेसिपी से प्रेरित है। स्वाद की घोषणा में ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम तक पहुंचने से पहले इंग्लिश हेरिटेज द्वारा परमेसन और ककड़ी जैसे कई और विचित्र जॉर्जियाई स्वादों को आजमाने का उल्लेख किया गया है। ऐतिहासिक व्यंजनों से आगंतुकों को लुभाने के अपने प्रयासों में इंग्लिश हेरिटेज अकेली नहीं है। एडिनबर्ग में, नेशनल ट्रस्ट फॉर स्कॉटलैंड के ग्लैडस्टोन्स लैंड में डेयरी से जुड़ा एक आइसक्रीम पार्लर है, जो 1904 में वहां बना था। यह संपत्ति 1770 की रेसिपी के आधार पर बिगफ्लॉवर और नींबू दही आइसक्रीम बेचती है, और आगंतुक कई अन्य तरह के स्वाद का भी मजा ले सकते हैं। ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम, जिसे अपनी कैरेमेल पौष्टिकता के लिए पसंद किया जाता है, समकालीन खाने वालों के लिए अन्य ऐतिहासिक पेशकशों की तुलना में भले ही अधिक परिचित स्वाद हो सकती है, लेकिन पिछली शताब्दियों में ब्रिटेन में खाई जाने वाली आइसक्रीम स्वाद और रूपों की एक विशाल विविधता से गुजरी है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

बेतवा उद्गम स्थल पुनर्जीवन श्रमदान सप्ताह 2026 की भव्य शुरुआत

पुराने चैक डैम की मरम्मत के साथ पांच नए चैक डैम बनाए समाजसेवी संस्थाओं ने मिल-जुलकर की श्रमदान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए श्रमदान सप्ताह-2 का आगाज रविवार को हुआ। गत वर्ष ऐसे ही प्रयास से नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए जन सहयोग से 55 छोटे चैक डैम बनाए गए थे, जिससे उद्गम स्थल छह महीने के लिए पुनर्जीवित हो गया था। अभियान के पहले दिन कुछ पुराने चैक डैम की मरम्मत की गई और पांच नए चैक डैम बनाये गए। कल से 16 मई तक सुबह 8 से 12 बजे तक श्रमदान किया जाएगा। अभियान के संयोजक डॉ. सुरेश गर्ग ने सभी नागरिकों से इस पवित्र कार्य में सहभागिता की अपील की है। इस वर्ष राजधानी और प्रदेश की कई समाजसेवी संस्थाओं ने मिलकर ग्राम सेवा समिति भोपाल तत्वावधान में श्रमदान सप्ताह की शुरूआत की, जिसमें ग्राम सेवा समिति भोपाल, बेतवा बिरादरी विदिशा, युवा फाउंडेशन, गांधी भवन, सप्रे संग्रहालय एवं एनजीओ पाठशाला भोपाल आदि संस्थाओं एवं स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर और मैनिट आदि प्रतिष्ठित संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही। वन विभाग रायसेन और सीहोर के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ वन समिति के सदस्यों ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर आजाद सिंह डबास, कौशलेंद्र सिंह, एन के व्यास आदि कई सेवानिवृत्त वरिष्ठ वन अधिकारी भी मौजूद रहे।

बेतवा श्रमदान सप्ताह की शुरुआत।

श्रमदान करते समाजसेवी।

अभियान संयोजक की पत्नी के निधन के कारण टला अभियान

पहले यह अभियान 26 अप्रैल से आयोजित किया जाना था, लेकिन अभियान के संयोजक डॉ. आर के पालीवाल की धर्मपत्नी संगीता पालीवाल के असामयिक निधन के कारण इसे स्थगित कर 10 मई से शुरू किया गया था। श्रमदान से पहले दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई और यह अभियान समाजसेवी स्व संगीता पालीवाल को समर्पित किया गया।

खबर संक्षेप

महापौर ने आश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया मदर्स-डे

भोपाल। महापौर मालती राय ने रविवार को जीजी माँ दीप्ति परमेश्वरी के सानिध्य में आश्रम के बुजुर्गों के साथ मातृत्व दिवस मनाया और बुजुर्गों को उपहार भी भेंट किए। वे रातीबड़ के समीप ग्राम कौडिया स्थित जीजी माँ परमेश्वरी आश्रम के बुजुर्गों के साथ मातृत्व दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुईं और बुजुर्गों से विशेषकर माताओं से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के साथ मातृत्व दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने का अपना अलग ही आनन्द है और मन को शांति की अलग ही अनुभूति हुई है।

बीयू: परीक्षा फार्म अब 14 मई तक जमा होंगे

भोपाल। राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा प्रथम वर्ष, (नए पाठ्यक्रम अनुसार) (नियमित) परीक्षा सत्र 2025-26 के छात्र/ छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन की तिथि में बढ़ोतरी कर दी है। बीए, बीकाम, बीएससी (जूलॉजी एवं फिजिक्स)/ बीबीए/ बीसीए के लिए परीक्षा आवेदन की तारीखें बढ़ाई गई हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार एनईपी प्रथम वर्ष नियमित बीए/ बी काम. /बी.एस.सी (जुलाजी एवं फिजिक्स)/ बीबीए / बीसीए छात्र के लिए सामान्य शुल्क के साथ 4 मई 2026 के स्थान पर अब 14 मई 2026 तक तारीख बढ़ी है। लेट फीस 300/- रुपए के साथ 15 से 19 मई तक जमा किए जाएंगे। विशेष विलंब शुल्क 1000/- रुपए के साथ 20 मई 2026 से परीक्षा शुरू होने से 3 दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे।

मक्षेविवि कंपनी के 14 मई से लगेंगे शिविर

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान और बिजली संबंधी सेवाएं उनके परिसर के नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 मई से पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में 'सम्पर्क अभियान 2026' का शुभारंभ किया जा रहा है। 12 माह तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया कि संपर्क अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले शिविरों में उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिल, मीटर रीडिंग और अन्य बिलिंग संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाएगा। साथ ही मात्र 5 रुपये में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान किये जाएंगे। साथ ही भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई कनेक्शन विच्छेदन, अस्थायी कनेक्शन, ई-केवायसी और अनापत्ति प्रमाण-पत्र, बंद/खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतें, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज की समस्या और ट्रांसफार्मर से जुड़ी शिकायतों, बिजली बिलों का आंशिक एवं पूर्ण भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट, बकाया राशि भुगतान, समाधान योजना तथा अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान करने की सुविधाएं मिलेंगी।

स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में खुली सफाई व्यवस्थाओं को लेकर दावों की पोल

सड़क से गायब हुए 13.50 करोड़ के स्मार्ट डस्टबिन, अब सिर्फ ढांचे बचे

मनीष मान ▶▶ भोपाल

अलग खबर

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर शहर की सड़कों, मोहल्लों और पार्कों में विशेष सर्वेक्षण अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर में सफाई व्यवस्था की हकीकत कुछ और ही कहानी कह रही है। राजधानी के कई प्रमुख इलाकों में डस्टबिन टूटे-फूटे हाल में पड़े हैं या पूरी तरह गायब हो चुके हैं। शहर के बीचों-बीच अटल पथ और लिंक रोड नंबर-1 जैसे वीआईपी मार्गों पर सड़क किनारे लगाए गए डस्टबिन अब नजर नहीं आते। कई जगह केवल उनकी टूटी हुई लोहे की कुर्सियां और ढांचे ही बचे हैं। इससे लोग मजबूरी में सड़क किनारे कचरा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी बढ़ रही है।

दरअसल, भोपाल में करीब दो साल पहले स्मार्ट डस्टबिन योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत शहर में 130 स्मार्ट डस्टबिन लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इनमें से करीब 90 डस्टबिन लगाए भी गए, लेकिन रखरखाव के अभाव और सेंसर खराब होने के कारण अधिकांश डस्टबिन बेकार हो गए। कई डस्टबिन या तो खराब हालत में पड़े हैं या फिर गायब हो चुके हैं।

अटल पथ और लिंक रोड नंबर-1 पर गायब हुए डस्टबिन, टूटीं लोहे की बैंच

जेपी अस्पताल के पास खड़े डस्टबिन के ढांचे

सेकंड स्टॉप के पास लिंक रोड एक पर टूटी बैंच।

करोड़ों की योजना कबाड़ में तब्दील

बेंगलुरु की जोंटा कंपनी द्वारा लगाए गए इन स्मार्ट डस्टबिन पर करीब 13.50 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन समय पर मेंटेनेंस नहीं होने से करोड़ों रुपये की यह योजना अब कबाड़ में बदलती नजर आ रही है। स्थिति यह है कि पुराने स्मार्ट डस्टबिन खराब होने के बावजूद नगर निगम अब फिर से शहर में 100 नई जगहों पर ट्रिपल डस्टबिन लगाने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब पहले लगाए गए डस्टबिन ही नहीं संभल पाए, तो नई योजना कितनी कारगर साबित होगी।

अटल पथ पर तीन में से एक ही डस्टबिन बचा।

बदले जा रहे टूटे डस्टबिन...

जहां-जहां डस्टबिन टूटे हुए हैं उन्हें बदलने का काम शुरू हो गया है। टूटे डस्टबिन बदले जा रहे हैं, साथ ही नगर निगम अब फिर से शहर में 100 नई जगहों पर ट्रिपल डस्टबिन लगाने की तैयारी की जा रही है।
मनोज भूमरकर, एएचओ, जोन-16

इस वर्ष 4 माह 10 दिन में पहुंचे 41 हजार 400 कॉल

माशिमं हेल्पलाइन पर पहुंच रहे रोजाना 300 से 350 कॉल

फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए है। वहीं दूसरी ओर इन परिणामों में उत्तीर्ण नहीं होने वाले दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों को द्वितीय परीक्षा का भी अवसर दिया गया है। परिणाम जारी होने और द्वितीय परीक्षा के बीच माशिमं की हेल्पलाइन 18002330175 विद्यार्थियों के लिए बड़ा सहारा बन रही है। इस साल बीते 4 माह 10 दिन में ही हेल्पलाइन पर 41 हजार 400 से अधिक कॉल पहुंचे है। रोजाना पहुंचने वाले कॉल की संख्या 300 से 350 तक है। इसमें सबसे अधिक कॉल विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 11वीं में विषय चयन और 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद करियर को लेकर पूछे गए है। इसके अलावा छात्र काउंसलर्स से परीक्षा के दबाव, डिप्रेशन सहित अन्य विषयों से जुड़े सवालों के जवाब ले रहे हैं। काउंसलर उन्हें नियमित पढ़ाई, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने की सलाह दे रहे हैं।

विद्यार्थियों के साथ अभिभावक और शिक्षक भी ले रहे काउंसलर्स से सलाह

तीन शिफ्ट में 6-6 काउंसलर

तीन शिफ्ट में 6-6 काउंसलर तैनात हेल्पलाइन का संचालन माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर से किया जा रहा है। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक तीन शिफ्ट में 6-6 काउंसलर तैनात रहते हैं, जो छात्रों के सवालों का जवाब देकर उन्हें मानसिक और शैक्षणिक मार्गदर्शन दे रहे हैं। इससे बहुत से परीक्षार्थियों को मदद मिल रही है।

इस तरह के सवाल आ रहे

हेल्पलाइन पर पहुंचने वाले कॉल्स में छात्रों ने पूछा है कि वे आगे किन क्षेत्रों में पढ़ाई कर सकते हैं और उनके लिए कौन-कौन से करियर विकल्प उपलब्ध हैं। इसी तरह आर्ट्स विषय से पढ़ रहे कुछ छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी मांग रहे हैं। इनमें कई छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं से पहले कोचिंग की जरूरत और उसके विकल्पों के बारे में भी सवाल किए हैं। वहीं कुछ विद्यार्थियों ने विषय चयन, तनाव प्रबंधन को लेकर भी सवाल पूछे हैं।

मैपकास्ट: आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस, 250 से अधिक विद्यार्थी-शिक्षक होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) द्वारा 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन किया जाएगा। विज्ञान भवन के मुख्य सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शहर के 27 प्रमुख शिक्षण संस्थानों के 250 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। मैपकास्ट की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लोकव्यापीकरण योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तकनीकी जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। परिषद के कार्यकारी निदेशक डॉ. विवेक कटारे और विज्ञान लोकव्यापीकरण योजना के प्रभारी डॉ. विकास शेंडे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और भारत द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक के महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

- युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तकनीकी जागरुकता को मिलेगा

ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों का होगा मार्गदर्शन: कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक और राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका पर विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति व लाइफ कोच डॉ. राजीव अग्रवाल और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट), भोपाल के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विजय भास्कर सेमवाल उपस्थित रहेंगे। विशेषज्ञों द्वारा नवाचार के नए आयाम और भविष्य की चुनौतियों पर जानकारी साझा की जाएगी।

बोले-गांव-गांव तक शहर जैसा विकास पहुंचाना मेरा संकल्प

3 करोड़ से अरहेड़ी में बनेगी सड़क, विधायक रामेश्वर ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

लोकार्पण कार्य का विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया शुभारंभ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया। इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने अरहेड़ी में लगभग 3 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सड़क निर्माण से इस पूरे क्षेत्र में बड़ी राहत मिलेगी। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की हुजूर विधानसभा के गांव-गांव तक शहर जैसा विकास पहुंचाना मेरा संकल्प है। इसलिए गांवों में पक्की और मजबूत सड़कों का निर्माण जल जीवन मिशन से पेय जल का नेटवर्क बिछाया जा रहा है। हर घर को नल से जल के साथ साथ सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्रामोदय से भारत उदय के संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और कल्याण के कार्य बहुत तेजी से किए जा रहे है।

3 करोड़ से सूखी सेवनिया में बनेगा नवीन स्कूल भवन

विधायक शर्मा ने सुखी सेवनिया में लगभग 3 करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन स्कूल भवन के निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया। विधायक शर्मा ने कहा की स्कूल भवन के साथ साथ खेल मैदान का भी निर्माण किया जाए।

5 करोड़ से बगरोदा में अटल बिहारी वाजपेयी व्यवसायिक परिसर

विधायक रामेश्वर शर्मा ने ग्राम बागरोदा में अटल बिहारी वाजपेयी व्यवसायिक परिसर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही वार्ड 85 के ग्राम रापड़िया में 25 लाख की लागत से बनने वाले संजीवनी क्लिनिक के निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी विधायक शर्मा ने किया।

नेवरी मंदिर में हुए विशेष अनुष्ठान

काल भैरव को भोग लगाकर की विजयम देहि हवन से आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के लालघाटी स्थित काल भैरव मठ में ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर रविवार मध्य रात्रि भगवान काल भैरव की महाआरती का आयोजन किया गया। नेवरी मंदिर में श्री काल भैरव की आराधना की गई। इस मौके पर विशेष अनुष्ठान किया गया। ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर श्री काल भैरव की विशेष साधना का महत्व है। मध्य रात्रि को होने वाली इस साधना में काल भैरव को विजयम्-देहि हवन के माध्यम से जागृत किया जाता है। मंदिर के पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि मध्य रात्रि में मठ के महंत कैलाश दास पंडा भैरव तंत्र की आराधना करते हैं।

काल भैरव की पूजा करते पुजारी।

इस दिन काल भैरव, विक्रांत भैरव और बटुक नाथ भैरव की विशेष साधना की जाती है। काल भैरव को विशेष भोग लगाया जाता है, इस धार्मिक अनुष्ठान में मदिरा को भी शामिल किया जाता है।

काल भैरव की आराधना करते भक्त।

गर्मी की छुट्टियों और ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखकर रेलवे ने मुसाफिरों को प्रदान की सुविधा

हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के रेलवे ने बढ़ाए फेरे, भोपाल मंडल सहित मार्ग के कई शहरों के यात्रियों को वेटिंग लिस्ट से मिलेगी निजात, आवागमन होगा आसान

यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने की बढ़ेगी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे ने भोपाल के उन यात्रियों को बड़ी राहत दी है जो हैदराबाद से गोरखपुर या गोरखपुर से हैदराबाद यात्रा करना चाहते हैं। गर्मी की छुट्टियों और ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 07075/07076 हैदराबाद-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन के संचालन अवधि में फिर से विस्तार किया है। इससे भोपाल सहित मार्ग के कई शहरों के यात्रियों को सफर में सुविधा मिलेगी।

मई माह के लिए नई समय सारणी

अब गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन 10, 17, 24 और 31 मई को गोरखपुर से चलेगी। वहीं 07075 हैदराबाद-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 15, 22 और 29 मई को हैदराबाद से रवाना होगी। ट्रेन के ठहराव, समय और अन्य सुविधाएं पहले की तरह ही रहेंगी।

फाइल फोटो।

पुणे-गोरखपुर समर स्पेशल 15 मई से चलेगी, रानी कमलापति पर रहेगा हॉल्ट

रेलवे द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसी के तहत गाड़ी संख्या 01415/01416 पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह समर स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति, इटारसी, एवं बीना स्टेशनों से होकर अपने गंतव्य को जाएगी।

नौकरीपेशा, विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

यह सुविधा खासतौर पर उन यात्रियों के लिए फायदेमंद होगी जो नौकरी, पढ़ाई, इलाज या पारिवारिक कारणों से उत्तरप्रदेश और दक्षिण भारत के बीच यात्रा करते हैं। गर्मियों में ट्रेनों में लंबी वेटिंग की समस्या रहती है, ऐसे में अतिरिक्त फेरों से यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी।

पुणे-गोरखपुर-हड़पसर (पुणे) स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01415 पुणे से गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन 15 मई से 15 जुलाई 2026 तक (62 ट्रिप) प्रतिदिन पुणे स्टेशन से सुबह 06:50 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 21:10 बजे, रानी कमलापति 23:15 बजे, पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 01:25 बजे पहुंचकर मार्ग से होते हुए सायं 16:00 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर से हड़पसर (पुणे) समर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 16 मई से 16 जुलाई 2026 तक (62 ट्रिप) प्रतिदिन गोरखपुर स्टेशन से शाम 17:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बीन सुबह 08:00 बजे, रानी कमलापति 10:30 बजे, इटारसी दोपहर 12:10 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन 03:15 बजे हड़पसर (पुणे) स्टेशन पहुंचेगी।

संत नगर स्टेशन पर लगेगा ऑटो ट्रांसफॉर्मर, 1.29 करोड़ से इलेक्ट्रिक लाइन की बदलेगी सूरत

भोपाल। सिहस्थ कुंभ 2028 को लेकर तैयारी तेज हो गई। इसी के तहत अब भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन के रेलवे यार्ड में बिजली से जुड़े काम जल्द ही शुरू किए जाएंगे। इस कार्य के तहत यार्ड की ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन (ओएचई) की तकनीक में बदलाव और सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही टर्नआउट (जहां से ट्रेन एक लाइन से दूसरी लाइन पर जाती है) पर 25 केवीए का ऑटो ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। इसके लगने से ट्रेनों के लिए लगातार और सही वोल्टेज की बिजली मिल सकेगी। स्टेशन पर किए जा रहे इस पूरे कार्य पर रेलवे करीब लगभग 1.29 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसके चलते सिहंस्थ कुंभ में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ बिजली का लोड बढ़ने पर भी किसी तरह को कोई विशेष असर नहीं पड़ेगा।

6 महीने में पूरा करने का लक्ष्य

रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह कार्य करीब 6 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस काम के पूरा होने के बाद संत हिरदाराम नगर रेलवे यार्ड में ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुचारु और सुरक्षित हो जाएगी। लाइन बदलने की प्रक्रिया पहले से बेहतर होगी और बिजली से जुड़ी समस्याएं कम होंगी।

अर्जुन नगर से कब्जे हटाने 7 घंटे चली कार्रवाई, 38 झुग्गियां हटाईं, परिवारों को लालपुरा किया शिफ्ट

कई परिवारों ने स्वेच्छा से पहले ही हटा लिए थे कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के अयोध्या बायपास रोड को टेनलेन किए जाने में बाधक अर्जुन नगर से 38 पक्की झुग्गियों को हटाने रविवार को बड़ी कार्रवाई हुई। नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस बल और एनएचएआई के अधिकारियों की मौजूदगी में अमला सुबह आठ बजे अर्जुन नगर पहुंचा।

दोपहर तीन बजे तक 38 पक्के निर्माण तोड़े गए। अतिक्रमण हटाने के एक दिन पहले जिला प्रशासन की ओर से अनाउसमेंट भी करवाया गया था। यहां के कई परिवारों ने अपने अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा भी लिए थे। यहां पक्की झुग्गियां अयोध्या बायपास को टेनलेन निर्माण में बाधक थीं। यहां से हटाए गए परिवारों को लालपुरा में शिफ्ट किया गया है।

एक दिन पहले करवाया गया था अनाउंसमेंट, जिला प्रशासन ने भी दिए थे नोटिस

अर्जुन नगर में मकान को तोड़ती जेसीबी।

टेन लेन करने का काम तेजी से चल रहा

अयोध्या बायपास को टेन लेन करने का काम तेजी से चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के दायरे में कई दुकानें, मकान, धार्मिक स्थल और सरकारी भवन बाधा बन रहे हैं। जिन्हें हटाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को अर्जुन नगर से 38 पक्की झुग्गियां हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से यहां रह रहे परिवारों को जमुनिया ग्राम पंचायत के गांव लालपुरा में शिफ्ट किया है।

नोटिस मिलने के बाद से कब्जे हटना हो गए थे शुरू: जिला प्रशासन की ओर से झुग्गी में रह रहे परिवारों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके थे। इसके चलते कई परिवारों ने स्वैच्छा से अपने मकान खाली कर दिए थे। यहां रह गए परिवारों को रविवार को हटाया गया।

सुबह आठ बजे शुरू हुई कार्रवाई, दोपहर तीन बजे तक चली: नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि अर्जुन नगर से 38 झुग्गियों को हटाया गया। इस दौरान जिला प्राशासन, नगर निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ता, एनएचएआई के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित पुलिस बल मौजूद रहा। यह कार्रवाई सात घंटे चली।

दीपक नगर के परिवारों को ग्रीन बेल्ट में विस्थापित करने का विरोध

भोपाल। बावड़ियाकलां स्थित दीपक नगर झुग्गी बस्ती को बाग मुगालिया एक्सटेंशन में शिफ्ट करने का रविवार को जमकर विरोध हुआ। यहां बीते दिनों 35 परिवारों को शिफ्ट किया गया है और वहां ग्रीन बेल्ट है। बाग मुगालिया एक्सटेंशन कॉलोनी विकास समिति के बैनर तले रहवासियों ने विरोध करते हुए कहा कि जहां उन्हें विस्थापित किया है, उसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है और पेड़ों के बीच उन्हें विस्थापित कर दिया है। ऐसे में जीवनयापन करना मुश्किल हो जाएगा। पर्यावरणविद् एवं एक्सटेंशन के रहवासी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि दीपक नगर बस्ती में परिवार करीब 32 साल से रह रहे थे। शनिवार को कोलार एसडीएम और तहसीलदार ने इन्हें बाग मुगालिया एक्सटेंशन में श्मशान घाट के सामने खाली पड़ी जगह पर शिफ्ट कर दिया। यहां बड़ी संख्या पेड़ लगे हैं। हाईटेंशन लाइन भी गुजर रही है। ऐसी स्थिति में लोग जीवनयापन कैसे करेंगे। इन समस्याओं का निराकरण होना चाहिए।

खबर संक्षेप

खाटू श्याम की भव्य भजन संध्या आयोजित

औबेदुल्लागंज। पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष अशोक सेठी के निवास पर उनके पुत्र हरीश सेठी एवं बहू प्रीति सेठी की शादी की सालगिरह पर खाटू श्याम की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक गोविंद यादव (होशंगाबाद) ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर विधायक ने हरीश सेठी एवं प्रीति सेठी को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान अशोक सेठी ने कहा कि खाटू श्याम की कृपा सभी पर बनी रहे और सभी का जीवन सुख-समृद्धि से भरा रहे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित संतोष नगर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात युवक अभिषेक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मध्यरात्रि पानी पीने के लिए उठी मां ने बेटे को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार संतोष नगर अशोका गार्डन निवासी अभिषेक मालवीय (21) प्राइवेट काम करता था। परिवार में पत्नी और दो बहनें हैं। युवक के पिता बाहर नौकरी करते हैं।

पत्नी का आरोप, छात्रा के परिजन झूठे केस में फंसाने की देते थे धमकी

एमबीबीएस छात्रा की खुदकुशी के तीन महीने बाद मकान मालिक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी तीन महीने पहले जिस मकान में एमबीबीएस की छात्रा ने सुसाइड की थी उसी मकान में मकान मालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया है कि छात्रा के परिजन उनके पति को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे थे। पुलिस भी बयान दर्ज करने के नाम पर उन्हें घंटों थाने में बिठाकर रखती थी। छात्रा के परिजन और पुलिस के कारण नाक में दम हो गया था।

उनकी मानसिक स्थिति बिगड़ गई थी। डिप्रेशन में आकर उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बीडीए कॉलोनी कोहेफिजा निवासी विजय सिंह राठौर रिटायर्ड बैंककर्मी थे। रिटायर होने के बाद वह अपने तीन मंजिला मकान में हॉस्टल का संचालन कर रहे थे। उनके मकान में किराए से रहने वाली जीएमसी की छात्रा रोशनी ने करीब तीन महीने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा का शव मकान की छत पर बने बाथरूम में मिला था। परिजन ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कोहेफिजा थाने में धरना दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एसआईटी का गठना किया गया।

जांच के दौरान छात्रा के मोबाइल से पुलिस को सुसाइड नोट मिला था। उसमें एमबीबीएस की मुश्किल पढ़ाई और पढ़ाई के दबाव का जिक्र किया गया था। विजय राठौर की पत्नी करुणा राठौर का कहना है कि इसके बावजूद छात्रा के परिजन उनके पति पर दबाव डाल रहे थे। उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति कर रहे थे। तनाव के कारण शनिवार को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पति आत्महत्या करने से पहले कई बार कह चुके थे। वह कहते थे कि मैं मानसिक रूप से प्रताड़ति हो चुका हूं आत्महत्या कर लूंगा। थाना प्रभारी केजी शुक्ला का कहना है कि मृतक की बेटी बैंग्लुरु में रहती हैं। उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतक की पत्नी ने लगाया आरोप, तनाव से बिगड़ गई थी पति की मानसिक स्थिति

मृतक के पास से नहीं मिला सुसाइड नोट पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही

नर्मदापुरम से पति आया था साथ ले जाने तो किया इंकार

सेल्फी पाइंट के पास महिला ने तालाब में कूदकर दी जान

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेल्फी पाइंट के पास बड़े तालाब में महिला ने तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। वह 8 मई की सुबह घर से बिना बताए निकली थी। अगले ही दिन 9 मई की सुबह उसकी लाश पानी में मिली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी शादी दो साल पहले नर्मदापुरम में हो गई थी, लेकिन वह ससुराल में नहीं रहती थी। पुलिस ने पारीवारिक विवाद से भी इंकार किया है। पुलिस के अनुसार सोनिका ठाकुर पति रूपेश ठाकुर (28) हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा में रहती थी। उसकी शादी वर्ष 2024 में नर्मदापुरम निवासी रूपेश ठाकुर से हुई थी। रूपेश नर्मदापुरम में आटो चलाता है। शादी के बाद से ही सोनिका ससुराल नहीं जा रही थी। पति और ससुराल पक्ष उसे लेने आता था तो वह साथ चलने से इंकार कर देती थी। 7 मई को पति ने उससे मोबाइल पर बातचीत की और लेने आने का कहा। इधर 8 मई की सुबह ही सोनिका घर से बिना बताए निकल गई। परिजन अपने स्तर पर उसकी तलाश करते रहे, पर कुछ पता नहीं चला। 9 मई की सुबह पुलिस गोताखोरों ने सेल्फी पाइंट के पास पानी से सोनिका का शव बरामद किया। उसके पास मिले मोबाइल से परिजन से संपर्क किया गया। परिजन ने बताया कि सोनिका कभी पिता के पास तो कभी बहन भाइयों के पास रह रही थी। वह ससुराल जाने से इंकार करती थी।

हथाईखेड़ा डैम में तैरती मिली लापता युवक की लाश

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित हथाईखेड़ा डैम में रविवार शाम लापता युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास मिले आधार कार्ड से शिनाख्त की जा सकी। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम करीब चार बजे समीर खान नामक युवक ने हथाईखेड़ा डैम में युवक की लाश पानी में पड़ी होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश पानी से बाहर निकाल ली। मृतक के कपड़ों की तलाश लेने पर उसमें आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज रखे मिले। आधार कार्ड के माध्यम से मृतक की पहचान अमित विश्वकर्मा पुत्र शिवरतन विश्वकर्मा (40) निवासी संजीव नगर पुलिस लाइन न्यू जेल रोड के रूप में की गई। एसआई संतोष रघुवंशी ने बताया कि मृतक के परिजनों से बात नहीं हो सकी है। लाश करीब चौबीस घंटे पुरानी लग रही है।

छात्रा ने लिखा था नीट निकालना आसान, एमबीबीएस कठिन

जांच के दौरान छात्रा रोशनी के मोबाइल से एक सुसाइड नोट मिला था। उसमें रोशनी ने लिखा था कि सॉरी, मम्मी-पापा, नीट निकालना आसान है लेकिन एमबीबीएस की पढ़ाई करना उससे भी कठिन है। पुलिस ने बताया कि रोशनी का शव बाथरूम में मिला था। पास में एसिड की बोतल भी पड़ी मिली थी। हालांकि उस समय पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था। बाद में मोबाइल की फोरेंसिक जांच के दौरान मोबाइल में सुसाइड नोट लिखा मिला।

भोपाल से 20 प्रत्याशी उतरे हैं चुनाव मैदान में

मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के लिए मतदान कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन के लिए मतदान मंगलवार को होगा। इस निर्वाचन में संपूर्ण मध्य प्रदेश से 122 एवं भोपाल से 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। इन 122 प्रत्याशियों में से 18 पुरुष और 7 महिला सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के पालन में की गई थी। यह निर्णय रिट याचिका एम वरधान बनाम भारत संघ एवं अन्य तथा संबंधित प्रकरणों में पारित आदेशों के अनुपालन में लिया गया।

भोपाल से जिन नामों की चर्चा प्रमुखता से हो रही हैं, उनमें मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वतमान को-चेयरमैन विजय चौधरी, पूर्व को चेयरमैन और मानद सचिव मो. महबूब अंसारी, नामांकन समिति के पूर्व अध्यक्ष राजेश व्यास, जिला अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष पीसी कोठारी और अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रकुमार वलेजा हैं। इसके अलावा अपूर्वा सिंह, सुहाग सिंह सोलंकी, कपिल मेहरा, रचना सिंह चौहान, प्रशांत हर्णे, देवेंद्र प्रकाश मिश्र, लक्ष्मी मीना, प्रताप भानू सिंह राजपूत, शेखर शर्मा, अनिल पाटिल, राजेश नेमा, राजकुमारी शर्मा, साधना गौर, राजश्री पाण्डेय एवं महेश मौर्य शामिल हैं। इस चुनाव में 88,000 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मतदान जिला न्यायालय परिसर में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से लेकर सायं 5 बजे तक किया जाएगा। मतदान के लिए अधिवक्ताओं को मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद अथवा जिला बार अभिभाषक संघ के द्वारा जारी किए गए परिचय अनिवार्य किया गया है। अधिवक्ता बगैर पहचान पत्र के मतदान नहीं कर सकेंगे। मप्र मंत्रालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा से मांग की है कि राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव के दिन 12 मई को राज्य की समस्त तहसील, जिला एवं मप्र उच्च न्यायालय की तीनों खंडपीठ में आकार्य दिवस घोषित किया जाए। न्यायाधीश एवं न्यायिक कर्मचारी भी मतदान भी सहयोग प्रदान करेंगे। इस कारण मंगलवार को संपूर्ण राज्य के न्यायालयों में आकार्य दिवस घोषित किया जाए। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा इस चुनाव के लिए अपर जिला न्यायाधीश मनोहर लाल पाटीदार को मतदान अधिकारी बनाया गया है। उनके नेतृत्व में अन्य न्यायाधीश, अधिवक्ता तथा न्यायिक कर्मचारी सहयोगी के रुप में साथ में रहकर मतदान में सहयोग करेंगे। अपर जिला न्यायाधीश मनोहर लाल पाटीदार ने मतदान के लिए प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। सोमवार और मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में न्यायाधीश, अधिवक्ता तथा न्यायिक कर्मचारियों के वाहन पार्क नहीं किए जाएंगे।

विधायक पटवा से मिले पवनजोत

औबेदुल्लागंज। भाजपा के वरिष्ठ नेता पवनजोत सिंह ने विधायक सुरेंद्र पटवा से मुलाकात कर चर्चा की। ज्ञातव्य हो कि पवनजोत सिंह नगर परिषद अध्यक्ष के दावेदार हैं।

बैलगाड़ी दौड़ सम्पन्न, विजेता पुरस्कृत

औबेदुल्लागंज। ग्राम ईकलवाड़ा में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का समापन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, संतोष कटियार एवं सरपंच प्रतिनिधि नेमीचंद भल्लवी ने प्रथम पुरस्कार रिजवान आमखो, द्वितीय पुरस्कार से अंशु मीना बाबई को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आसपास क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

प्रभु की भक्ति से दूर होते हैं जीवन के संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज स्थित नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री 108 साध्य सागर महाराज एवं क्षुल्लक श्री 105 विनयनंदी महाराज के पावन सानिध्य में 'याग मंडल विधान' का भव्य आयोजन सानंद संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ, जिसके पश्चात मुनिश्री ने अपने प्रवचनों में बताया कि प्रभु की भक्ति और विधान अनुष्ठान करने से जीवन के संकट दूर होते हैं। यहां विराजमान नेमिनाथ भगवान की अतिशयकारी प्रतिमा के समक्ष की गई पूजा से हर कार्य संभव होता है। ब्रह्मचारी सुमित जैन के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से विधान की क्रियाएं पूर्ण कीं, जिसके उपरांत मूलनायक भगवान को कमलासन पर विराजमान कर 64 चंवर, छत्रारोहण और डोंगरगढ़ की ब्रह्मचारिणी दीदियों द्वारा निर्मित विशेष चांदोबा की स्थापना की गई।

'याग मंडल विधान' का भव्य आयोजन

आराधना में लीन भक्त एवं प्रवचन देते मुनिश्री।

शांति धारा एवं अभिषेक किया

अनुराग नीति पवन रवि जैन, रितेश ऋतु जैन, रुपेश सारिका जैन एवं अर्पित एवं राजेश जैन एवं आकाश जैन नरेश दादा दिनेश गुड्डन जैन ने 11-11 हजार की शांति धारा की। इस अवसर पर पंडित लक्ष्मी चंद सुनील वर्धमान शुभम जैन समता जैन संगीता और टिल्लू जैन ने इंद्र बनकर अभिषेक किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में सुंदरकांड पाठ, प्रसादी वितरण

सुंदरकांड पाठ में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भोजपुर खंड, नगर हिरानिया द्वारा संघ कार्यालय में शनिवार को सुंदरकांड पाठ एवं भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, संघ पदाधिकारी एवं नगरवासी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। इसके पश्चात भोजन प्रसादी वितरित की गई। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं। संघ की ओर से सभी स्वयंसेवक बंधुओं एवं नगरवासियों का कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया।

आरोपः प्रधानमंत्री आवास के लिए हितग्राहियों से मांगे जा रहे 20 हजार रुपए

ग्राम पंचायत तजपुरा में नल जल योजना दो साल से बंद, महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

अहमदपुर के लोगों को एक से डेढ़ किमी दूर से लाना पड़ रहा पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

प्रधानमंत्री आवास के लिए हितग्राहियों से 20 हजार रुपए की मांग की जा रही है। इसके कारण महिलाओं ने हंगामा किया। महिलाओं ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए हितग्राहियों से आवेदन करवाते हैं। जब प्रधानमंत्री आवास योजना मंजूर होती है तो कहते हैं कि 20-20 हजार रुपए दो। पंचों और उपसरपंचों ने बताया कि तजपुर पंचायत में फर्जी शौचालय का फोटो खिंचवाकर पैसे निकाल लिए और शौचालय बने ही नहीं। कहीं शौचालय गायब है, परंतु कागजों पर बने हुए हैं। 3 साल से पौधरोपण गायब है। यह कागजों पर ही है, परन्तु मौके पर उपलब्ध नहीं है। ग्राम पंचायत तजपुर के अहमदपुर के ग्राम वासियों ने बताया कि नल जल योजना 2 वर्ष से बंद है। ग्राम पंचायत द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे अहमदपुर के ग्राम वासियों को पीने का पानी एक से डेढ़ किमी दूर से लाना पड़ता है।

सिर्फ कागजों में बने शौचालय

ग्राम पंचायत तजपुरा के कार्यालय पर ताला लगा रहता है।

ग्राम पंचायत कार्यालय का नहीं खुलता ताला

तजपुर में 8 लाख रुपए की लागत से बिजली लगी, लेकिन लाइट कुछ दिनों में खराब होकर और बंद हो गई। 15वें वित्त आयोग से 3 लाख रुपए की लाइट लगवाई। इस बिजली लगवाई की शिकायत जनपद सदस्यों ने जिला सीईओ एवं जनपद औबेदुल्लागंज सीईओ से की है। पंचायत में 60 से 70 हजार रुपए की स्टेशनरी के फर्जी बिल वाउचर औबेदुल्लागंज की स्टेशनरी की दुकान से बनते हैं। आरोप है कि उस दुकान से किराने का सामान, तेल एवं अन्य घरेलू सामान ले जाते हैं और बिल स्टेशनरी के नाम से बनवाते हैं।

अधिकारियों ने यह कहा...

जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने फोन पर बताया कि तजपुरा जनपद पंचायत की कई गंभीर शिकायत आई है। मेरा स्वास्थ्य ठीक होने के बाद में स्वयं जांच करुंगा। एसडीओ उमाकांत आर्य से जब फोन पर पूछा तो वह कहते हैं कि जनपद सीईओ को मैंने शिकायतों के बारे में जानकारी दी है। जिला जनपद सीईओ कमल सोलंकी ने फोन पर बताया कि मैंने औबेदुल्लागंज जनपद सीईओ से तजपुरा जनपद की रिपोर्ट मंगाई है।

तमिलनाडु में पहली बार बनी गैर-द्रविड़ पार्टी की सरकार, डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म, विजय युग हो गया शुरू

तमिलनाडु में नए राजनीतिक युग की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में रविवार को एक नया युग की शुरुआत हो गई है। 'तमिलगा वेत्री कड़गम' के संस्थापक जोसेफ विजय ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। यह राज्य में पहली बार है जब किसी गैर-द्रविड़ पार्टी ने सरकार बनाई है। नई सरकार के गठन के साथ ही डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना दबदबा खत्म हो गया है। विजय के साथ में 9 और मंत्रियों ने सपथ ली है। अब विजय को 13 मई तक विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना होगा।

'तमिलगा वेत्री कड़गम' का दबदबा

विजय के साथ ही 9 मंत्रियों ने भी ली शपथ

शपथ लेने के बाद आधिकारिक हस्ताक्षर करते मुख्यमंत्री विजय

इन 9 मंत्रियों ने ली शपथ

एन आनंद, आधव अर्जुना राजमोहन अरुमुगम राजमोहन अरुमुगके जी अरुणराज केए, सेंगोट्टैयन, कीर्तना एस, पी वेंकटरमण और केटी प्रभु।

समारोह में पहले वंदे मातरम गाने पर सीपीआई ने उठाए सवाल

सीपीआई केराज्य सचिव एम. वीरपांडियन ने रविवार को कहा कि सरकारी समारोहों में प्रोटोकॉल में 'तमिल थाई वाजथु' (तमिलनाडु का राज्य गीत) को सबसे पहला स्थान दिया जाना चाहिए। विजय के शपथ ग्रहण समारोह के बाद जारी एक पत्र में वीरपांडियन ने समारोह के दौरान गीतों के बजाए जाने के क्रम पर आपत्ति जताई।

विजय के शपथ ग्रहण में दो बार गाया गया पूरा राष्ट्र गीत

विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। विजय के शपथ ग्रहण के दौरान दो बार वंदे मातरम गाया गया, जिसने लोगों के दिल को जीत लिया है। सोशल मीडिया पर लोग विजय की तारीफ कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह नया तमिलनाडु है। विजय के शपथ ग्रहण की शुरुआत और समापन में पूरा राष्ट्र गीत वंदे मातरम गाया गया। सोशल मीडिया पर लोगों ने कई प्रकार की प्रतिक्रियाएं दी है।

विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्वी सीट से दिया इस्तीफा

तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए चुनाव में दो सीट से जीत दर्ज करने वाले मुख्यमंत्री विजय ने तिरुचिरापल्ली पूर्वी सीट से इस्तीफा दिया। उन्होंने पेरम्बूर सीट बरकरार रखी है।

स्टालिन ने साधा निशाना

यह मत कहने लगना पैसे नहीं है

तमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इसके बाद पहले ही दिन विजय के धुर विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन पर तंज कसना शुरू कर दिया है। शपथ के बाद विजय को लिखे बधाई संदेश में स्टालिन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई, लेकिन तुरंत यह कहना शुरू मत करना कि सरकार के पास पैसे नहीं है।

कीर्तना बनीं तमिलनाडु की सबसे युवा और एकमात्र महिला मंत्री

कीर्तना सबसे युवा मंत्री बनीं

एस कीर्तना तमिलनाडु की सबसे युवा मंत्रियों में से एक बन गई हैं। मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की पहली कैबिनेट में वह एकमात्र महिला मंत्री हैं। वह 29 साल की हैं। कीर्तना ने विरुधुनगर जिले की शिवकासी सीट से जीत हासिल की। इसे 'भारत की पटाखा राजधानी' भी कहा जाता है। उन्होंने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के टिकट पर चुनाव जीता।

खबर संक्षेप

सात दिन की हिरासत में पंजाब के मंत्री

नई दिल्ली। हरियाणा के गुरुग्राम की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने रविवार को पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को कथित तौर पर 100 करोड़ की जीएसटी धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में 7 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। अरोड़ा के खिलाफ आरोप 'बहुत गंभीर' हैं और संघीय एजेंसी को धन के स्रोत का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ जरूरी है।

डिवाइडर से टकराया कैंटर, तीन की मौत

हापुड़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में 8 माह के मासूम और 2 महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना इलाके में रविवार तड़के गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में 2 महिलाओं और मासूम की मौत हो गई।

कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर का निधन

बेंगलुरु। कर्नाटक के योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी सुधाकर का रविवार तड़के लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। सुधाकर ने यहां 'कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' में अंतिम सांस ली। उनका पिछले दो महीनों से फेफड़ों के संक्रमण का इलाज चल रहा था। अस्पताल में तड़के 3.15 पर अंतिम सांस ली।

यादव को बिश्नोई की धमकी, मांगे 10 करोड़

नई दिल्ली। बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को 10 करोड़की फिरौती की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें एक विदेशी वाट्सएप नंबर से दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताया और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का दावा किया।पैसे न देने पर उन्हें दो दिन के भीतर गोली मारने की धमकी दी गई है।

एअर इंडिया में 3 साल में 1000 कर्मियों की छुट्टी

मुंबई। यहां एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने 1000 से अधिक कर्मचारियों को नैतिक उल्लंघन के मामलों में नौकरी से हटाया है। यह कार्रवाई नियमों का उल्लंघन, गलत तरीके से सुविधाओं का उपयोग और विमानन सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर की गई है।

पीएम मोदी ने तेलंगाना में 9,400 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया

जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंपा सत्ता बदलते ही कांग्रेस ने मार ली पलटी

बेंगलुरु से पीएम मोदी पहुंचे तेलंगाना और कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

बेंगलुरु से पीएम नरेंद्र मोदी तेलंगाना पहुंचे। हैदराबाद में उन्होंने 9,400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाम को पीएम गुजरात जाएंगे, रविवार रात को जामनगर में रुकेंगे। 11 मई को सुबह करीब 10.15 बजे सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में शामिल होंगे। बाद में वे वडोदरा में सरदारधाम हॉस्टल' का उद्घाटन करेंगे। यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव-निर्मित मंदिर में पूजा की। यहां पर पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके के बीच पिछले 25-30 साल से करीबी संबंध रहे हैं। डीएमके ने कई बार कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला। 2014 से पहले केंद्र में 10 साल तक चली कांग्रेस सरकार भी डीएमके के समर्थन की वजह से ही टिकी रही। डीएमके ने हर समय कांग्रेस के हित में काम किया, लेकिन जैसे ही सत्ता का समीकरण बदला, कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंप दिया।

तेलंगाना में 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा

पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त आंध्र के समय रेलवे का बजट 1000 करोड़ से भी कम था। आज सिर्फ तेलंगाना का रेलवे बजट ही करीब 5,500 करोड़ का है। राज्य में इस समय लगभग 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

साइबराबाद देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र

हैदराबाद में पीएम मोदी ने कहा कि साइबराबाद का सामर्थ्य राष्ट्रीय भी है और ग्लोबल भी है। यह तेलंगाना और देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र है। इसलिए यहां तेलंगाना को बड़ा मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं। आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

तेलंगाना के विकास के लिए तेज गति से काम करेगी केंद्र सरकार

पीएम मोदी ने कहा कि मैं तेलंगाना के हर परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि केंद्र उनके सपनों को पूरा करने के लिए और तेज गति से काम करता रहेगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है। मलकपुर में नए इंडियन ऑयल टर्मिनल का उद्घाटन इसी दिशा में अहम कदम है, जो तेलंगाना की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर ऐतिहासिक क्षण आया सामने

आर्ट ऑफ लिविंग में ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर तब ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के साथ आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सहभागिता की। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया। मध्यप्रदेश से हजारों साधक ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने बेंगलुरु पहुंचे।

जामनगर में रोड शो

हैदराबाद के बाद पीएम मोदी गुजरात के जामनगर पहुंचे और उन्होंने वहां रोड शो किया। आज सोमवार सुबह करीब 10:15 बजे सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होंगे।

पवन और नायडू के घर पहुंच गए पीएम

हैदराबाद दौरे के दौरान प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण के आवास पर पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इस मुलाकात को यादगार करार दिया है। साथ ही इसे अपने लिए सम्माननीय बताया। नायडू ने एक्स पर पीएम के घर आने की जानकारी दी। इसके बाद पीएम, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के आवास पहुंचे और हाल ही में हुई सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। जनसेना पार्टी ने कहा गया कि पवन कल्याण और उनके परिवार ने पीएम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

केरल में सीएम की नियुक्ति

टेंशन में कांग्रेस... गुटबाजी को लेकर राहुल गांधी नाराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल के सीएम पद के उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस के अंदर शनिवार को खींचतान तेज हो गई। पार्टी हाईकमान के आवास पर तीन दावेदारों वी डी सतीशन, के सी वेणुगोपाल और पूर्व राज्य कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चेन्निथला के साथ 3 घंटे तक गहन चर्चा हुई। किसी भी दावेदार पर सहमत नहीं बन सकी। तीनों को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ के साथ मिलकर सड़क पर विरोध प्रदर्शन न करने की संयुक्त अपील जारी की। सतीशन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे तीनों नेताओं के समर्थकों द्वारा राज्य भर में लगाए गए सभी फ्लेक्स बोर्ड और बैनर शनिवार रात तक हटा दें।

सड़कों पर समर्थन न दिखाएं

राहुल ने केरल की सड़कों पर कांग्रेस के अभूतपूर्व गुटबाजी प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाया है और तर्क दिया है कि इसने विधानसभा चुनावों में यूडीएफ की शानदार जीत की चमक को धूमिल कर दिया है। राहुल इस पर बेहद नाराज थे। उन्होंने तीनों उम्मीदवारों से कहा कि भारी जनादेश को देखते हुए दबाव बनाने के हथकंडे न अपनाएं।

रंगासामी 13 को पुडुचेरी के सीएम की लेंगे शपथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एन. रंगासामी को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने रंगासामी को केंद्रशासित प्रदेश में नए सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। वे 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वे पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री होंगे। ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस-के नेतृत्व में एनडीए ने 9 अप्रैल को हुए चुनाव में बहुमत हासिल किया है।

बंगाल में बड़ा फेरबदल

'अधिकारी' ने शांतनु समेत कई अफसरों को किया इधर-उधर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में नवगठित सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में आने वाले महीनों में पुलिस और प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर फेरबदल किया है। शपथ के 24 घंटे के अंदर राज्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय की नौकरशाही संरचना में व्यापक बदलाव किए हैं। पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले पूर्व केंद्रीय कार्यालय से जुड़े 16 नौकरशाहों को बदल दिया गया है। पूर्व अधिकारियों में सबसे प्रमुख नाम 2014 बैच के आईएएस शांतनु मुखोपाध्याय का है। टीएमसी से संबद्ध सरकारी कर्मचारी संघ के शीर्ष नेता व केंद्रीय कार्यालय में तैनात प्रताप नायक का तबादला दार्जिलिंग में किया है।

राजस्थान में खुलासे से हड़कंप

60 लाख में बिका कृषि विज्ञान का पेपर, गिरोह के 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में वर्ष 2022 की प्राध्यापक/स्कूल व्याख्याता (कृषि विज्ञान) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बड़ा खुलासा करते हुए तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा समेत 3आरोपियों को गिरफ्तार किया है। संगठित गिरोह ने फर्जी डिग्री, बैकडेट मार्कशीट और लीक प्रश्नपत्रों के जरिए अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी दिलाने का खेल रचा था। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि ओपीजेएस विवि से बैकडेट में बीएड और एमएससी एग्रीकल्चर की फर्जी मार्कशीट तैयार कर अभ्यर्थियों को भर्ती कराया गया।

समीक्षा बाढ़ और हीटवेव से निपटने की तैयारी पर अमित शाह की बड़ी बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

समीक्षा बैठक, 'जीरो कैजुअल्टी डिजास्टर मैनेजमेंट' पर जोर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को देशभर में संभावित बाढ़ और हीटवेव की स्थिति से निपटने की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, आपदा प्रबंधन एजेंसियों और मौसम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को 'जीरो कैजुअल्टी डिजास्टर मैनेजमेंट' के लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा। बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि देश के हर राज्य में 'फ्लड क्राइसिस मैनेजमेंट टीम' का गठन और सक्रिय संचालन किया जाए, ताकि बाढ़ जैसी आपदाओं के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि राज्यों, जिलों और नगर निकायों में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी की गाइडलाइंस के पालन की नियमित समीक्षा की जानी चाहिए। शाह ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही नई चुनौतियों पर चिंता जताते हुए कहा कि मौसम के बदलते पैटर्न और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए 'होल ऑफ गवर्नमेंट' और 'होल ऑफ सोसायटी' दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को नए ऐप और पोर्टल बनाने के बजाय मौजूदा प्रणालियों को मजबूत और एकीकृत करने पर जोर देने को कहा।

मातृ दिवस पर केंद्र सरकार ने शुरू किया विशेष अभियान

उत्तर मुंबई में गर्भवती पोषण किट का वितरण किया

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल ने जरूरतों पर रखा ध्यान

एजेंसी ▶▶ उत्तर मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मातृ दिवस पर उत्तर मुंबई में गर्भवती पोषण किट का वितरण कियाइस दौरान गोयल ने कहा कि इस किट में हर उस जरूरत की चीज का ध्यान रखा गया है जो गर्भावस्था के आखिरी के दिनों में एक माता और बच्चे के लिए आवश्यक होती है।

इसमें बच्चे के शुरुआती दिनों की जरूरी का ध्यान रखा गया है। इससे बच्चा और मां दोनों सेहतमंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस कल्पना को आगे बढ़ाते हुए हम पूरे उत्तर मुंबई के अलग-अलग इलाकों में इस किट को बांटेंगे, ताकि किसी भी निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को कोई समस्या न हो।

किसानों की खुशहाली पर भी की बात

गोयल ने इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर के अध्यक्ष डॉ. एमजे खान के साथ बैठक की और देश के किसानों के जीवन स्तर को और बेहतर बनाने की पहलों पर चर्चा की, दक्षिण के विकास को बढ़ावा देने के तहत अफ्रीकी देशों के साथ भारत की कृषि विशेषज्ञता को साझा करने पर बात की।

खान एक जाना पहचाना नाम

खान जाने माने भारतीय कृषि विशेषज्ञ और नीति विश्लेषक हैं। वे कृषि व्यवसाय, कृषि नीतियों और सतत विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी आवाज हैं, जिन्होंने जैविक खेती पर राष्ट्रीय नीति और वैश्विक कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन जैसी पहलों का नेतृत्व किया है।

मैं सभी माताओं की वंदना करता हूं

गोयल ने कहा कि हम निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को पोषण के आधार पर तैयार की हुई किट दे रहे हैं। हर महीने यह किट दी जाएगी, जिससे मां और बच्चा दोनों तंदुरुस्त रहे। इस कार्यक्रम को पूरे उत्तर मुंबई में चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि हमारी माताएं और बहनें हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं वे लक्ष्मी और मां दुर्गा का स्वरूप हैं इसलिए कोई गलत काम करे तो उसे हमारी माताएं-बहनें छोड़ेंगी नहीं। आप हर स्वरूप में देश के निर्माण में जो योगदान दे रही हैं, मैं उसका वंदन करता हूं।

योगी कैबिनेट में 6 नए चेहरे

भूपेंद्र व मनोज बने कैबिनेट मंत्री व बाकी सब राज्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्रिपरिषद का रविवार को विस्तार हुआ है। भूपेंद्र चौधरी और मनोज पांडे कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। सोमेंद्र तोमर और अजीत पाल सिंह को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री बनाया गया। कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाया गया। नए चेहरों में 2 राज्य मंत्रियों को प्रमोशन देकर स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की एक नेक पहल है। सबका साथ सबका विकास की झलक है।

इन नेताओं ने भी ली शपथ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। यूपी कैबिनेट में छह मंत्री बने, दो का प्रमोशन हुआ है।

फारस की खाड़ी में दोहा से करीब 43 किमी दूर ब्रिटिश के मालवाहक जहाज पर हुआ मिसाइल से बड़ा हमला

फारस की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं ने दुनिया भर की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में कतर के तट के पास एक मालवाहक जहाज को अज्ञात हथियार से निशाना बनाया गया, जिससे उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया

एजेंसी ▶▶ दोहा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बावजूद इस क्षेत्र में शांति बहाल नहीं हो पा रही है। लगातार होते ये हमले वैश्विक व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। रविवार को कतर की राजधानी दोहा से करीब 43 किमी दूर एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, जहाज पर किसी प्रोजेक्टाइल से वार किया गया था। हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया। सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया है। फिलहाल किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, जिससे रहस्य और गहरा गया है।

हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया

एआई इमेज

भारतीय और चीनी जहाजों पर आंच

इस विवाद की लपटों से दूसरे देश भी नहीं बच पा रहे हैं। 8 अप्रैल को एक भारतीय लकड़ी के जहाज में आग लगने से एक नाविक की जान चली गई थी। वहीं, मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एक चीनी तेल टैंकर जेवी इनोवेशनल पर भी हमला हुआ था। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय क्रू मेंबर्स के बीच डर पैदा कर दिया है। भारत और चीन जैसे देशों के लिए यह चिंता का विषय है क्योंकि उनके आर्थिक हित इस समुद्री रास्ते से गहराई से जुड़े हैं।

अमेरिका-ईरान के बीच खींचतान जारी

इलाके में तनाव का मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच की पुरानी दुश्मनी है। हाल ही में अमेरिका ने ईरान के दो तेल टैंकरों पर यह कहकर हमला किया था कि वे अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कड़ी चेतावनी दी है। ईरान का कहना है कि यदि उसके जहाजों को रोका गया, तो वह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से पीछे नहीं हटेगा। यह जुबानी जंग अब समुद्र में हमलों में बदल रही है।

वैश्विक व्यापार पर असर

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति रास्तों में से एक है। यहाँ होने वाली जरा सी हलचल भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों को बढ़ा सकती है। बार-बार होते हमलों के कारण बीमा कंपनियों ने जहाजों का प्रीमियम बढ़ा दिया है, जिससे माल ढुलाई महंगी हो रही है। अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में आम जनता पर महंगाई की मार पड़ सकती है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट पर हैं।

खबर संक्षेप

अब डेटा और कोड से चल रहा आतंक: सिन्हा



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा चुनौतियों पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि आज के दौर में हथियारों से ज्यादा खतरनाक वे आतंकी हैं, जो सीमाओं के पार बैठकर डेटा, कोड और एन्क्रिप्टेड नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह डिजिटल खतरा अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की कड़वी सच्चाई है। श्रीनगर में करीब 4,000 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए एलजी ने बल को तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने पर जोर दिया।

हरिद्वार जा रही तीर्थयात्रियों की पलटी बस, 7 घायल

ऋषिकेश। बदरीनाथ हाईवे पर रविवार शाम शिवपुरी के पास एक बड़ा हादसा टल गया। चारधाम यात्रा से लौट रही एक बस (यूके 14पीA0605) कलथरी डंपिंग प्वाइंट के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में ड्राइवर-कंडक्टर समेत कुल 25 यात्री सवार थे। पुलिस के अनुसार, चलती बस में ड्राइवर की ओर की खिड़की अचानक खुल गई थी, जिसे बंद करने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया। हादसे में 7 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश भेजा गया है। शेष यात्री सुरक्षित हैं, जिन्हें अन्य वाहन से गंतव्य को रवाना किया गया।

भारत-त्रिनिदाद और टौबैगो के बीच समझौता

पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मिलेगी मदद: जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने एक अहम समझौता किया है, जिससे प्रवासी भारतीय अपने पूर्वजों की जड़ों को आसानी से खोज सकेंगे। विदेशी मंत्री एस जयशंकर ने गिरमिटिया समुदाय की विरासत और संघर्ष को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच एक अभिलेखीय सहयोग समझौता हुआ है। उन्होंने बताया कि यह समझौता प्रवासी भारतीयों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और अपने परिवारों से दोबार जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार गिरमिटिया समुदाय की विरासत को संरक्षित करने के प्रयास कर रही है। गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच हुए समझौते का जिक्र करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता कैरिबियाई देश के कई लोगों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय उच्चायोग को ओसीआई के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान ओसीआई पात्रता को छठी पीढ़ी तक बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा, उच्चायोग को मिलने वाले ओसीआई आवेदनों की संख्या बढ़ रही है और हमारा प्रयास रहेगा कि उन लोगों की भी मदद की जाए जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं।

गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि त्रिनिदाद और टोबैगो में पहले भारतीय गिरमिटिया मजदूरों को आए हुए 180 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने गिरमिटिया श्रमिकों के साहस और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि कि उनकी मेहनत को हमेशा याद रखना चाहिए।

गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था

भारतीयों से मिले जयशंकर

तेल कंपनियों को 10 हफ्तों में 1 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान

पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का भारत की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी पब्लिक सेक्टर की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियां पिछले 10 हफ्ते से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें रोजाना 1600-1700 करोड़ रुपए का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 हफ्तों में इन कंपनियों की कुल अंडर-रिकवरी 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का मतलब लागत से कम कीमत पर बिक्री से है।

अध्ययन केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही भारत सरकार

उन्होंने कहा कि ये प्रवासी अपने साथ अपनी परंपराएं, आस्था और जीवन शैली लेकर आए थे और यह जरूरी है कि इस इतिहास को एक धरोहर के रूप में संरक्षित किया जाए। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गिरमिटिया समुदाय का एक विस्तृत डाटाबेस बनाने और उसकी विरासत पर शोध को बहुत अहमियत देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार पीएम मोदी के निर्देश पर एक विशेष गिरमिटिया अध्ययन केंद्र स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है।

पश्चिमी नौसैनिक कमान की जिम्मेदारी वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की पश्चिमी नौसैनिक कमान में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को पश्चिमी नौसैनिक कमान का नया फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल वात्स्यायन वर्तमान में उप नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। अब देश की सबसे रणनीतिक नौसैनिक कमानों में से एक की जिम्मेदारी संभालेंगे। गौरतलब है कि पश्चिमी नौसैनिक कमान का मुख्यालय मुंबई में स्थित है। इस नौसैनिक कमान को भारतीय नौसेना की 'स्ट्राइक फोर्स' माना जाता है। यह कमान अरब सागर क्षेत्र में भारत की समुद्री सुरक्षा, युद्धक तैयारी और रणनीतिक अभियानों की जिम्मेदारी निभाती है। पश्चिमी समुद्री सीमाओं की निगरानी और समुद्री हितों की रक्षा में इसकी भूमिका बेहद अहम मानी जाती है। वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन जनवरी 1988 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। वे गनरी और मिसाइल प्रणाली के विशेषज्ञ अधिकारी हैं। अपने लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई प्रमुख युद्धपोतों और नौसैनिक इकाइयों का नेतृत्व किया है।

युद्ध प्रणाली में महारत हासिल

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को सेवा से सेवानिवृत्त होंगे। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत कृष्णा स्वामीनाथन यह पद संभालेंगे। वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने 31 जुलाई 2025 को पश्चिमी नौसेना कमान के 34वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का कार्यभार ग्रहण किया था। फ्लैग ऑफिसर कृष्णा स्वामीनाथन को 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन हुआ था। वह संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के विशेषज्ञ हैं। यूके स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, श्रिवेनहम करंजा स्थित कॉलेज ऑफ नेवल वॉरफेयर तथा संयुक्त राज्य यूएस के रोड आइलैंड स्थित न्यूपोर्ट नेवल वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

कई पदकों से हुए सम्मानित

वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन पूर्वी बेड़े के कमांडर, पूर्वी नौसैनिक कमान के चीफ ऑफ स्टाफ तथा एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में नीति, योजना और बल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया। बीते वर्ष अगस्त 2025 में उन्होंने भारतीय नौसेना के 47वें उप नौसेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उत्कृष्ट सेवाओं और नेतृत्व के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और नौसेना पदक से सम्मानित किया जा चुका है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि उनके व्यापक संचालन अनुभव, सामरिक समझ और नेतृत्व क्षमता से पश्चिमी नौसैनिक कमान की युद्धक तैयारी और समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

समूचे क्षेत्र में फैली दहशत, अफवाह भी चलीं

पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमला, 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना बन्नू में देर रात हुई, जहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी पुलिस चौकी की ओर आ रही थी, तभी सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की, जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया।

विस्फोट के प्रभाव से आसपास के कई घरों की छतें गिर गईं। पुलिस चौकी की इमारत भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और कई सुरक्षाकर्मी

मलबे के नीचे दब गए। विस्फोट के बाद समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप भारी गोलीबारी हुई। बन्नू पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई घायल हो गए।

सीएम ने की निंदा

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने हमले की निंदा करते हुए जानमाल के नुकसान पर दुःख व्यक्त किया। उनके कार्यालय ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है उन्होंने पुलिस चौकी पर हुए हमले को दुःखद और कायरतापूर्ण कृत्य बताया और कहा कि ऐसे हमले पुलिस और जनता के मनोबल को कमजोर नहीं कर सकते।

संविधान में नया प्रावधान जोड़ा

किम की हत्या हुई तो नॉर्थ-कोरिया परमाणु बम से मचा देगा तबाही

एजेंसी ▶▶ प्योंगयांग

उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। उन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई

की मौत हो गई थी। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया और उत्तर कोरिया को डर सताने लगा कि भविष्य में ऐसा डिकैपिटेशन स्ट्राइक यानी टॉप लीडरशिप को खत्म करने वाला हमला उसके खिलाफ हो सकता है।

15 मई को यूएई राष्ट्रपति से मुलाकात होगी

पीएम मोदी का यूएई दौरा, तय ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर रहेगा फोकस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, ऊर्जा आपूर्ति संकट और वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आगामी यूरोप दौरे में आखिरी समय पर यूएई को भी शामिल किया है।

प्रधानमंत्री 15 मई को यूएई पहुंचेंगे, जहां उनकी मुलाकात यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा इस समय सर्वोच्च प्राथमिकताओं में

शामिल है। ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया में युद्ध और तनाव के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो रही है, भारत यूएई जैसे भरोसेमंद साझेदारों के साथ अपने संबंध और मजबूत करना चाहता है। प्रधानमंत्री मोदी 15 मई से जिन चार यूरोपीय देशों को चुना है उनमें नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली शामिल है। इससे पहले उनका यूएई में ठहराव होगा। यूएई को पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों का निशाना बनाया गया है। ईरान ने यूएई पर अमेरिकी सैन्य ठिकानों और सुविधाओं को समर्थन देने का आरोप लगाया है। वहीं, होर्मुज में बढ़ते संकट ने दुनिया भर की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है, जिसका असर भारत पर भी पड़ा है। यहां से केवल 11 भारतीय जहाज ही वहां से गुजर पाए हैं। इससे ऊर्जा आयात प्रभावित हुए हैं।

चटग्राम हत्या मामले में चल रहा ट्रायल

बांग्लादेश हाईकोर्ट ने चिन्मय दास की जमानत खारिज की

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में हिंदू संत ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण दास को बड़ा झटका लगा है। देश के हाईकोर्ट ने रविवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

अदालत ने कहा कि चटग्राम की निचली अदालत में 2024 के एक वकील की हत्या से जुड़े मामले की सुनवाई जारी है, इसलिए फिलहाल जमानत नहीं दी जा सकती। चिन्मय कृष्ण दास पर 2024 में देशद्रोह के आरोप भी लगे थे और उन्हें 25 नवंबर 2024 को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ न्यायमूर्ति केएम जाहिद सरवर और न्यायमूर्ति शेख अबू ताहेर ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि मामले में गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, इसलिए हस्तक्षेप उचित नहीं है। संत के वकील अपूर्वा कुमार भट्टाचार्य ने बताया कि अदालत ने चार अन्य मामलों में जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख तय की है।

गूगल के 20 वर्ष: दिलचस्प खुलासा, सबसे ज्यादा अनुवाद हुआ थैंक्यू शब्द

गूगल घास चरने के लिए बकरियां बुलाता है, वजह- प्रदूषण नहीं होता और कर्मचारियों को उन्हें देखने से मिलता है सुकून

लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने जब इस सर्च इंजन पर काम शुरू किया था तब कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल ट्रांसलेट को 20 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर कंपनी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। कंपनी ने बताया कि पिछले दो दशकों में प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा ट्रांसलेट किया गया शब्द कोई मुश्किल टर्म नहीं, बल्कि एक बेहद आम शब्द है। आखिर वो कौन सा शब्द है, जिसे दुनिया भर के लोगों ने सबसे ज्यादा अनुवाद किया? गूगल ट्रांसलेट ने अपनी 20वीं वर्षगांठ पर एक जबरदस्त जानकारी दी है। कंपनी ने बताया इन वर्षों में प्लेटफॉर्म पर लोगों ने कोई बहुत कठिन शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसे वाक्य को ट्रांसलेट किया,

एआई इमेज

जिसका अर्थ बच्चा-बच्चा जानता होगा, उसका नाम है थैंक्यू. गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि कैसे एक साधारण सा शब्द भाषाओं और सीमाओं की दीवारें गिराकर लोगों को आपस में जोड़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट की शुरुआत साल 2006 में हुई थी और आज यह दुनिया के सबसे लोकप्रिय ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म्स के लिस्ट में शामिल हो गया है। अब यह वेब, एंड्रॉयड और आईओएस पर सैकड़ों भाषाओं को सपोर्ट करता है। गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पोस्ट करते हुए बताया कि पिछले 20 वर्षों में सबसे ज्यादा अनुवादित वाक्यांश थैंक्यू रहा।

कंपनी ने इसे लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव और सम्मान का प्रतीक बताया। बता दें कि शुरुआत में गूगल ट्रांसलेट स्टैटिस्टिकल मशीन ट्रांसलेशन पर काम करता था, लेकिन अब यह एआई-पावर्ड मॉडल्स का इस्तेमाल कर रहा है। माना जा रहा है कि इससे अनुवाद पहले से ज्यादा सटीक और प्राकृतिक हो गए हैं।

पहले गूगल का नाम बैकरब रखा था, बाद में बदलकर गूगल किया

सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन

गूगल की इस पोस्ट पर यूजर्स भी पीछे नहीं रहें। उन्होनें भी खूब मजेदार कमेंट्स किएं। कई यूजर्स ने अपनी मातृभाषा में थैंक्यू लिखकर शेयर किया, तो कई लोगों ने कहा कि यह शब्द दुनिया भर में इंसानी भावनाओं को जोड़ने का सबसे सरल तरीका है। स्पेलिंग की गलती से बना गूगल क्या आप जानते हैं कि इसका असली नाम गूगोल रखा जाना था? गूगोल एक गणितीय शब्द है जिसका अर्थ है 1 के बाद 100 शून्य। लेकिन डोमेन रजिस्टर करते समय एक टाइपिंग एरर (स्पेलिंग की गलती) की वजह से यह गूगल हो गया और आज इसी नाम से दुनिया इसे जानती है।

बकरियां लॉन में चरती हैं घास

गूगल के कैलिफोर्निया स्थित हेडक्वॉर्टर में घास काटने के लिए मशीनों का इस्तेमाल कम किया जाता है। कंपनी बकरियों को किराए पर लेती है ताकि वे लॉन की घास चर सकें। इससे प्रदूषण नहीं होता और कर्मचारियों को भी खिड़की के बाहर बकरियों को चरते देखना सुकून देता है।

आखिरी गेंद पर जीती रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, भुवनेश्वन के सिक्स ने पलटा मैच का रुख

टॉप पर पहुंची आरसीबी, मुंबई इंडियंस की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को कृणाल पंड्या (73 रन) के अर्धशतक से रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। पिछले दो मैच में हार का सामना करने वाली आरसीबी (14 अंक) ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार (23 रन देकर 4 विकेट) के गेंद से शानदार प्रदर्शन के बाद उनके अंत में दो गेंद में (एक छक्के से) सात रन की मदद से शानदार जीत दर्ज की, जिससे मुंबई इंडियंस आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

कृणाल (46 गेंद में 4 चौके और 5 छक्के) और जैकब बेथेल (27) के बीच चौथे विकेट के लिए 42 गेंद में 55 रन की भागीदारी के दम पर आरसीबी ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। तिलक वर्मा (57 रन) के अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस भुवनेश्वर की शानदार गेंदबाजी के सामने 7 विकेट पर 166 रन ही बना सकी।

कोर्बिन बॉश की घातक गेंदबाजी

आरसीबी की शुरुआत खराब रही, जिसने पावरप्ले में विराट कोहली (शून्य), देवदत्त पडीक्कल (12) और कप्तान रजत पाटीदार (08) के विकेट गंवाए। लेकिन कृणाल एक छोर पर डटे रहे, उन्होंने बेथेल के साथ मिलकर जिम्मेदारी संभाली। फिर उन्होंने और जितेश शर्मा (18) ने पांचवें विकेट के लिए 22 गेंद में 37 रन जोड़े। लेकिन कोर्बिन बॉश (4 ओवर में एक मेडन, 26 रन देकर 4 विकेट) के दोहरे झटकों से आरसीबी की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा था, जिन्होंने लगातार गेंदों पर जितेश और टिम डेविड को आउट किया। आरसीबी ने 14वें ओवर में सबसे ज्यादा 16 रन जुटाए।

कृणाल पंड्या ने ठोके 73 रन, भुवनेश्वर कुमार ने चटकाए 4 विकेट

धोनी-कोहली के बराबर पहुंचे रोहित

आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के 54वें मैच में उतरते ही एमआई के रोहित शर्मा ने बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। रोहित आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक मैच खेलने वाले संयुक्त रूप से 'नंबर-1' खिलाड़ी बन गए हैं। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जब रोहित उतरे, तो यह उनका 278वां आईपीएल मैच था। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली भी इतने ही आईपीएल खेल चुके हैं। इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर मौजूद रवींद्र जडेजा ने अपने आईपीएल करियर में 265 मैच खेले हैं, जबकि दिनेश कार्तिक 257 मुकाबलों के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

भुवी ने की मलिंगा और बुमराह की बराबरी

भुवनेश्वर कुमार सबसे ज्यादा बार आईपीएल सीजन में 20 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इस सीजन 11 मुकाबलों में 21 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने चौथी बार किसी आईपीएल सीजन में 20 विकेट निकाले हैं। इससे पहले साल 2014, 2016 और 2017 में भुवी ऐसा कर चुके हैं। इस मामले में लसिथ मलिंगा (2011, 2012, 2013, 2015) और जसप्रीत बुमराह (2017, 2020, 2021, 2024) की बराबरी कर ली है। सबसे ज्यादा बार आईपीएल सीजन में 20 विकेट हासिल करने वाले खिलाड़ियों में युजवेंद्र चहल शीर्ष पर हैं।

कोहली बैक टू बैक जीरो पर आउट

विराट कोहली आईपीएल 2026 में लगातार दूसरे मैच में जीरो पर आउट हुए हैं। इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में उनका खाता नहीं खुला था। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने विराट को बोल्ड किया था। इससे पहले 2022 सीजन में ऐसा हुआ था। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीरो पर आउट होने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में भी विराट कोहली के बल्ले से रन नहीं निकला था।

स्कोर बोर्ड

मुंबई इंडियंस	रन	गेंद	4	6
रिकलटन का पाटीदार बो भुवनेश्वर	02	4	0	0
रोहित का जितेश बो भुवनेश्वर	22	10	2	2
नमन धीर बो सलाम	47	32	5	2
सूर्यकुमार का कोहली बो भुवनेश्वर	00	1	0	0
तिलक वर्मा बो भुवनेश्वर	57	42	3	2
विल जैक्स का बेथेल बो शेफर्ड	10	10	1	0
बावा का पाटीदार बो हेजलवुड	16	14	1	0
कोर्बिन बॉश नाबाद	05	5	0	0
दीपक चाहर नाबाद	01	2	0	0

अतिरिक्त : 06 कुल : 20 ओवर में 166/7 रन
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-23-4, हेजलवुड 4-0-33-1, रसिख सलाम 4-0-42-1, शेफर्ड 3-0-18-1, कृणाल 3-0-26-0, सुयश 2-0-21-0.

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	रन	गेंद	4	6
बेथेल का तिलक बो बॉश	27	27	2	0
कोहली का बावा बो चाहर	00	1	0	0
पडीक्कल का रिकलटन बो चाहर	12	11	1	1
पाटीदार का रिकलटन बो बॉश	08	8	1	0
कृणाल का तिलक बो गजनफर	73	46	4	5
जितेश का नमन धीर बो बॉश	18	12	1	2
डेविड का रिकलटन बो बॉश	00	1	0	0
शेफर्ड का तिलक बो राज बावा	04	11	0	0
रसिख सलाम नाबाद	03	2	0	0
भुवनेश्वर कुमार नाबाद	07	2	0	1

अतिरिक्त : 15 कुल : 20 ओवर में 167/ 8रन
गेंदबाजी : चाहर 4-0-33-2, बुमराह 4-0-20-0, बॉश 4-1-26-4, जैक्स 2-0-13-0, गजनफर 3-0-33-1, बावा 3-0-39-1.

चेन्नई की लखनऊ पर रोमांचक जीत, बने 400 से ज्यादा रन

■ सीजन में प्ले ऑफ से बाहर होने वाली पहली टीम बनी लखनऊ

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को 8 विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ	रन	गेंद	4	6
इंग्लिस का सैमसन बो ओवरटन	85	33	10	6
मार्श का ब्रेविस बो कंबोज	10	10	0	1
पूरन का सरफराज बो नूर	01	3	0	0
ऋषभ पंत बो ओवरटन	15	12	2	0
एडेन मारक्रम रन आउट	06	7	0	0
रघुवंशी का उर्विल बो ओवरटन	18	18	1	0
शाहबाज अहमद नाबाद	43	25	3	3
हिम्मत सिंह बो कंबोज	17	12	1	1
मोहम्मद शमी रन आउट	00	1	0	0
आवेश खान नाबाद	00	0	0	0

अतिरिक्त: 08 कुल योग: 20 ओवर में 203/8 रन
गेंदबाजी: अकील हुसैन 4-0-49-0, मुकेश चौधरी 4-0-45-0, अंशुल कंबोज4-0-47-2, नूर अहमद 4-0-24-1, जैमी ओवरटन 4-0-36-3.

चेन्नई सुपरकिंग्स	रन	गेंद	4	6
संजू सैमसन बो राठी	28	14	3	2
गायकवाड़ बो शाहबाज	42	28	3	2
उर्विल का आवेश बो शाहबाज	65	23	2	8
कार्तिक का रघुवंशी बो आवेश	20	20	1	0
डेवाल्ड ब्रेविस बो राठी	10	12	1	0
शिवम दुबे नाबाद	15	7	0	2
प्रशांत वीर नाबाद	17	12	0	2

अतिरिक्त: 11 कुल योग: 19.2 ओवर में 208/5 रन
गेंदबाजी: मोहम्मद शमी 4-0-37-0, प्रिंस यादव4-0-36-0, दिग्वेश राठी 4-0-45-2, आवेश खान 4-0-44-1, शाहबाज अहमद 3-0-30-2, एडेन मारक्रम 0.2-0-14-0.

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	11	7	4	14
हैदराबाद	11	7	4	14
गुजरात	11	7	4	14
पंजाब	10	6	3	13
चेन्नई	11	6	5	12
राजस्थान	11	6	5	12
कोलकाता	10	4	5	9
दिल्ली	11	4	7	8
मुंबई	11	3	8	6
लखनऊ	11	3	8	6

ऑरेंज कैप — हेनरिक क्लासेन — 494 रन — हैदराबाद
पर्पल कैप — भुवनेश्वर कुमार — 17 विकेट — बेंगलुरु

नीमैन ने जीता खिताब, गुकेश को छठे स्थान पर करना पड़ा संतोष

गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए

एजेंसी ▶▶| वारसॉ

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया।

खिलाड़ियों ने 9 रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर 2 अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की। गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारुपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं।

सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज

गुकेश को आखिरी दिन तीन मिलीं जीत

गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूर्नामेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया।

22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर करुआना

अमेरिका के फाबियानो करुआना 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो वेस्ली से एक अंक अधिक है। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने पांचवां स्थान हासिल किया। ग्रैंड चेस टूर का कारवां अब 'सुपर क्लासिक' टूर्नामेंट के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट की ओर बढ़ेगा और इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा हिस्सा लेंगे।

खराब फार्म में दिल्ली पंजाब को जीत की चाह

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक 3 मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले 3 लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है, जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। पंजाब को दो जीत की जरूरत श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें, जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी। टी20 जैसे अनिश्चित प्रारुप में लय बहुत अहम होती है और पंजाब किंग्स की टीम चाहेगी कि वे जल्द से जल्द फिर लय हासिल कर लें।

घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन खराब

दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे। उसके बल्लेबाज धीमी और टर्न लेने वाली पिचों पर खुद को ढालने में नाकाम रहे हैं, जिससे उनकी कमजोरियां उजागर हुई हैं। प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव के साधारण प्रदर्शन ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं जबकि मिचेल स्टार्क शायद बहुत देर से टीम से जुड़े। पंजाब किंग्स की तरह दिल्ली के क्षेत्ररक्षण ने भी उसे निराश किया है।

खबर संक्षेप

शिविर में हिस्सा लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले सोमवार से बेंगलुरु में एक संक्षिप्त शिविर आयोजित करेगा। यह तैयारी शिविर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम एफआईएच नेशंस कप से पहले एक अनुभव दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। एफआईएच नेशंस कप 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होगा। इस साल के आखिर में बेल्जियम में महिला विश्व कप 2026 और एशियाई खेल भी होने वाले हैं। शिविर में वही 31 खिलाड़ी शामिल होंगी, जो अप्रैल में मुख्य कोच शोर्ड मारिन के मार्गदर्शन में हुए पिछले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा थीं।

सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

भोपाल। सेंट माइकल इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट दिनांक 12 मई से बाबे आली क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाएगा, जिसमें विभिन्न हाउस की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट आयोजन समिति की अध्यक्ष हिबा शकील मोहम्मद एवं सैयद अयान शकील ने बताया कि यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा तथा अकादमी के बच्चों के बीच हाउस बनाकर यह मैच आयोजित किए जाएंगे जो कि 50-50 ओवर के होंगे। 10 दिन तक यह टूर्नामेंट चलेगा, जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन कर उन पर मेहनत की जाएगी।

सिटी ने आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया। सिटी की ओर से जेरेमी डोकू, एर्लिंग हेलेंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे, जिससे आर्सेनल और दूसरे स्थान पर चल रही इस टीम के बीच अब सिर्फ दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 जबकि सिटी के इतने ही मैच में 74 अंक हैं।

लीवरपूल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से खेला ड्रॉ

गत चैंपियन लीवरपूल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और इस दौरान प्रशंसकों ने टीम की हूटिंग भी की। तीसरे स्थान पर चल रहे मैनचेस्टर यूनाईटेड ने सदरलैंड से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि छठे स्थान पर चल रहे बोर्नेमाउथ ने फुलहम को 1-0 से शिकस्त दी ब्राइटन ने वोल्वरहैम्पटन को 3-0 से हराया। चैंपियन्स लीग के प्ले ऑफ सेमीफाइनल के पहले चरण में मिडिल्सबोरो और साउथम्पटन ने गोल रहित ड्रॉ खेला। दूसरे चरण का मैच मंगलवार को होगा।

मयंक अकादमी ने अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

■ प्रारब्ध मिश्रा बने मैच के हीरो

राजधानी के ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर खेली जा रही 14वीं स्वर्गीय अरविंद चतुर्वेदी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता रमेश शर्मा गुड्डू भैया ट्रॉफी में रविवार को मयंक और अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादेमी के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीत कर अभय गोस्वामी अकादमी ने 161 रन बनाए। इसके प्रतीक शुक्ला 42, अविनाश 28, जय रघुवंशी ने 24 का योगदान दिया। मयंक क्रिकेट अकादमी के समर्थ तिरखी ने 3 और पीयूष सिंह ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मयंक अकादमी ने 28वें ओवर में 165 रन बनाकर 6 विकेट के नुकसान पर मैच 4 विकेट से जीता।

मयंक क्रिकेट अकादमी के प्रारब्ध मिश्रा ने शानदार 79 रन बनाए। वहीं अरबाज उद्दीन और गौरांग ने 20-20 रन बनाए। अभय गोस्वामी इलेवन की ओर से नीरज ग्रोवर ने 2 विकेट चटकाए तो प्रतीक शुक्ला, ड्रोन श्रीवास्तव और प्रथम सिंह सेंगर ने 1-1 विकेट लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए प्रारब्ध मिश्रा को मेन ऑफ द मैच स्कोरर लक्की शर्मा के द्वारा दिया गया।

प्रारब्ध मिश्रा को मेन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित करते स्कोरर लक्की शर्मा।

टी20 वर्ल्ड कप: बांग्लादेश स्क्वॉड का ऐलान

■ लगातार तीसरी बार कप्तान होंगी निगार सुल्ताना

ढाका। 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। निगार सुल्ताना की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। निगार सुल्ताना लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगी। बांग्लादेश की स्क्वॉड में टॉप-ऑर्डर की बल्लेबाज ताज नेहर की वापसी हुई है, जबकि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने वाली सरमिन सुल्ताना को ड्रॉप कर दिया गया है। 2023 और 2024 एडिशन में टीम की कप्तानी कर चुकीं निगार सुल्ताना की टीम में इस बार युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का भी मिश्रण है। अनुभवी खिलाड़ी के रूप में फहीमा खातून शामिल हैं, जो अपना सातवां टी20 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं। फहीमा के अलावा नाहिदा अख्तर, रितु मोनी और कप्तान निगार 2016 से टीम का हिस्सा हैं। मौजूदा टीम में 11 ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यूएई में आयोजित 2024 का टी20 विश्व कप खेला था।

गेंद फेंकते हुए कमल त्रिपाठी।

प्री-टूर्नामेंट कैंप शुरू, 41 डिग्री की कड़ी धूप में पसीना बहा रही टीम

भोपाल लेपर्ड्स के सामने खिताब बचाए रखने की बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

एमपीएल सिंधिया कप की गत वर्ष की विजेता भोपाल लेपर्ड्स के सामने अपना खिताब बनाए रखने की बड़ी चुनौती है। इसके लिए वह पूरे प्रयास कर भी रही है। टीम ने आधिकारिक रूप से प्री टूर्नामेंट कैंप शुरू कर दिया है। खिलाड़ी 41 डिग्री की कड़ी धूप में पसीना बहा रहे हैं। ये खिलाड़ी भोपाल के दो प्रमुख खेल परिसरों श्रेब्सबरी इंटरनेशनल स्कूल के विशाल फ्लडलाइट क्रिकेट ग्राउंड और जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी की हाई-परफॉर्मेंस सुविधाओं वाले ग्राउंड में अभ्यास कर रही है। वहीं उनके कोच बृजेश तोमर इन खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन भी उनके साथ क्रिकेट की बारीकियां मैदान में बराबरी से खड़े होकर सिखा रहे हैं। हालांकि टीम के कप्तान अरशद खान गुजरात टाइटंस और अनिकेत वर्मा हैदराबाद की ओर से अभी आईपीएल में व्यस्त हैं, जैसे ही 31 मई को आईपीएल समाप्त होगा, ये खिलाड़ी भी मैदान में आकर मोर्चा संभाल लेंगे।

फिटनेस, मैच सिमुलेशन, स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान

इससे पहले टीम ने अप्रैल में आयोजित एमपीएल-26 के ऑक्शन में फ्रेंचाइजी ने अपनी चैंपियन टीम के चार प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिससे टीम ने निरंतरता, स्थिरता और मजबूत कोर ग्रुप पर अपना भरोसा कायम रखा। कैंप में खिलाड़ियों की फिटनेस, मैच सिमुलेशन, स्किल डेवलपमेंट और टीम कॉम्बिनेशन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

टीम के हैड कोच तोमर की है यह खासियत

टीम के हैड कोच बृजेश तोमर ओमी ने बताया कि टीम का कॉम्बिनेशन सीनियर प्लेयर के अनुभव के आधार पर होता है। हैड कोच तोमर एक अनुभवी क्रिकेटर, बीसीसीआई मैच रेफरी और कोच हैं, जो अपनी क्रिकेट समझ और हाई-परफॉर्मेंस संस्कृति विकसित करने के लिए जाने जाते हैं। उनका अनुभव टीम के चैंपियन मानसिकता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा। इसलिए तैयारियां अब पूरी रफ्तार पर हैं और भोपाल लेपर्ड्स का कैंप स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों के बीच उत्साह का केंद्र बन चुका है। गत विजेता टीम एक बार फिर एमपीसीए के तत्वावधान में आयोजित देश की प्रमुख राज्य स्तरीय टी20 लीग में अपना दबदबा कायम रखने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रही है।

टीम में ये खिलाड़ी

अरशद खान (कप्तान), अनिकेत वर्मा, कमल त्रिपाठी, प्रांजुल पुरी, सूरज यादव, हिमांशु शिंदे, अनुराग मालवीय, अंचित ठाकुर, अमोल कस्तूरे, तनिष्क यादव, अंश बागड़िया, राहुल चंद्रोल, अजय मिश्रा, युवराज नेमा, पवन निर्माणी, कुणाल राय और मनीष कुमार शामिल हैं।

मां के नाम रही शहर की सुबह, 'पिंक रन' में उमड़ा फिटनेस और उत्साह का रंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मदर्स डे पर रविवार सुबह शहर में फिटनेस और भावनाओं से भरी खास तस्वीर देखने को मिली। जेन रन क्लब की ओर से आयोजित 'पिंक रन' में मांओं, बेटियों, परिवारों और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। यह आयोजन सिर्फ रन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिलाओं की ताकत, आत्मविश्वास और उनके प्रति सम्मान का उत्सव बन गया। ताज लेकफ्रंट से शुरू हुई इस मदर्स डे स्पेशल रन में 200 से अधिक रनर्स शामिल हुए। किसी ने अपनी मां के साथ दौड़ लगाई, तो कई प्रतिभागियों ने अपनी मां को समर्पित करते हुए रन पूरी की। कार्यक्रम की शुरूआत वॉर्मअप से हुई, जिसके बाद सभी ने 3 किलोमीटर की रन में हिस्सा लिया। पूरे आयोजन में पिंक थीम आकर्षण का केंद्र रही। रन के बाद प्रतिभागियों ने जुम्बा और पिलाटीज सेशन का आनंद लिया। साथ ही वेलनेस एक्टिविटीज और रिफ्रेशमेंट्स के जरिए हेल्दी लाइफस्टाइल का संदेश दिया गया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के लिए ऐसा सकारात्मक मंच तैयार करना था, जहां वे फिटनेस के साथ आपसी जुड़ाव और खुशियों को महसूस कर सकें।

मदर्स डे के अवसर पर पिंक रन का आयोजन

हाथों में पिंक गुब्बारे लिए होटल ताल लेक फ्रंट के सामने दौड़ लगाती महिलाएं।

इस दौरान कई महिलाएं अपने पार्टनर, दोस्त और भाईयों के साथ भी दौड़ीं।

पुरुष प्रतिभागियों ने भी अपनी मां, बहन के साथ लिया भाग

इतना ही नहीं मदर्स डे स्पेशल इस आयोजन में पुरुष प्रतिभागियों ने भी अपनी मां, बहन, दोस्त और पार्टनर के समर्थन में हिस्सा लिया। रन पूरी करने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों के अनुसार, पिंक रन हर महीने आयोजित की जाती है, ताकि महिलाएं फिटनेस और वेलनेस के जरिए खुद को स्वस्थ और ऊजार्वान रख सकें। संगीत, फिटनेस और उत्साह से भरी यह सुबह शहर के लोगों के लिए खास याद बन गई।

'अनेक चिड़ियां' द्वारपा स्टोरी टॉक कार्यक्रम का आयोजन

भोपाल । एकांत पार्क में आयोजित 'अनेक चिड़ियां' के स्टोरी टॉक कार्यक्रम ने रविवार सुबह भावनाओं की ऐसी सरिता बहाई, जिसमें हर मां और हर संतान का मन भीग गया। मां से अनकहे शब्द विषय पर आयोजित इस विशेष संवाद में लोगों ने अपने दिल में बरसों से दबे प्रेम, कृतज्ञता, पछतावे और यादों को शब्द दिए। मुख्य वक्ता अर्चना शर्मा रहीं। लोगों ने पहली बार मां से जुड़ी यादें और भावनाएं साझा कीं। इस अवसर पर अनेक चिड़ियां की टीम मीनाक्षी, राजश्री सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

तीन दिन में देशभर के 60 से अधिक पत्रकारों ने विभिन्न विषयों पर किया विमर्श

भारत भवन में जारी तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श 'प्रणाम उदन्त मार्तण्ड' का समाहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारत भवन में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि और वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श 'प्रणाम उदन्त मार्तण्ड' में 'स्वाभिमानी भारत' विषय पर प्रख्यात फिल्म निर्माता एवं अभिनेता डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने मनुष्य और देवता को परिभाषित करते हुए कहा कि जो सोचता है, वह मनुष्य है। जो देता है, वह देवता है। उन्होंने उपनिषद की कथा 'द द द' सुनकर इस विषय को विस्तार दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य दान देता है। देवता अपनी इच्छाओं का दमन करते हैं। दानवों से कहा गया है कि प्राणियों पर दया करो। दूसरों का धन, सुख, चैन छीनों मत। उन्होंने कहा कि रामायण में श्रीराम ने भरत से 88 प्रश्न किए हैं, जो सुशासन के प्रश्न हैं।

विशेष परिशिष्ट उदन्त मार्तण्ड का लोकार्पण करते कुलपति विजय मनोहर तिवारी व अन्य पत्रकार।

अनुभव नहीं तो आविष्कार नहीं

इसी सत्र में वरिष्ठ पत्रकार हितेश शंकर ने शब्दों के निर्माण और उनके पीछे की संस्कृति को समझाते हुए कहा कि अनुभव नहीं है तो अविष्कार नहीं है, आविष्कार नहीं है तो शब्द नहीं है। रूस में पंखे के लिए कोई शब्द नहीं है क्योंकि वहां गर्मी नहीं है। शैलेश पांडेय ने कहा कि जिस समय उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन हुआ तब हमारा संघर्ष अंग्रेजों से था और आज का संघर्ष लोकतंत्र को जीवंत बनाये रखने का है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार हर्षवर्धन त्रिपाठी ने कहा कि हम जिस हिन्दू परंपरा से आते हैं, वह संवाद की बात करती है, विवाद की नहीं। भारतीय भाषाओं के राष्ट्रीय स्वर की बात करते हैं तो हमें आदि शंकर से शुरू करना चाहिए।

निर्गुणी भजनों की सुर लहरियों में डूबा सभागार

वहीं, कार्यक्रम के अंत में भुवनेश कोमकली द्वारा निर्गुणी भजन की मनभावन प्रस्तुति दी गई। भक्ति, संगीत और आध्यात्म के अद्भुत संगम से सजी इस प्रस्तुति में वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। सभागार में जैसे ही एकतारे और मंजीरों की मधुर ध्वनि गूंजी, श्रोता सुरों की अदृश्य दुनिया में खो गए।

तन्मयता के साथ भजन सुनते उपस्थित श्रोता।

निगुर्ण भक्ति के भजन सुनाते भुवनेश कोमकली व साथी।

मैनिट के प्रोफेसर ने बनाई ऐसी डिवाइस जो करेगी कई स्वास्थ्य समस्याएं दूर

टेक्नॉलोजी डे स्पेशल

एक कदम सेहत की ओर : 'इनसोल फुट प्रेशर मापन प्रणाली' और एक्यूप्रेशर का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में स्वास्थ्य समस्याएं केवल बीमारियों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि गलत जीवनशैली, लंबे समय तक खड़े रहना, लगातार चलना और तनाव भी शरीर पर गहरा प्रभाव डाल रहे हैं। ऐसे समय में तकनीक और पारंपरिक उपचार पद्धतियों का मेल स्वास्थ्य क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा कर रहा है। ऐसी स्थिति में कई वैज्ञानिक अविष्कार भी हुए हैं, जिसमें जहां कई लोग सेहत के लिए एक्यूप्रेशर स्लीपर पहनते हैं तो वहीं उद्यानों में भी एक्यूप्रेशर ट्रैक लोगों की सेहत के लिए फायदेमंद है।

ऐसा ही एक डिवाइस बनाया है मैनिट के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विजय भास्कर सेमवाल ने। 'इनसोल फुट प्रेशर मापन प्रणाली' इस दिशा में एक ऐसा अभिनव कदम है, जो आधुनिक तकनीक को एक्यूप्रेशर के लाभों से जोड़ती है।

अपने किसी भी शूज के साथ अटैच करके पहना जा सकता है....

यदि पैर के दबाव और संतुलन को वैज्ञानिक तरीके से समझा जाए, तो स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाया जा सकता है।

इनसोल फुट प्रेशर मापन प्रणाली पैर के विभिन्न हिस्सों पर पड़ने वाले दबाव को मापती है। खासियत है कि इसे आप अपने किसी भी शूज के साथ अटेच करके पहन सकते हैं। यह तकनीक चलते समय, खड़े रहने या दौड़ने के दौरान पैर के संपर्क बिंदुओं का विश्लेषण करती है।

खिलाड़ियों, बुजुर्गों, फिजियोथेरेपी मरीजों के लिए लाभदायक

उन्होंने बताया कि यह तकनीक खिलाड़ियों, बुजुर्गों, फिजियोथेरेपी मरीजों और लंबे समय तक खड़े रहकर काम करने वाले लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इसकी लागत भी काफी कम जो केवल 500 रुपये में खरीदा जा सकता है, साथ ही जमीन पर पैर के 8 संपर्क बिंदुओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है। स्मार्ट वॉच के जरिए स्वास्थ्य निगरानी भी करता है तथा एक्सेलेरोमीटर का उपयोग करके व्यक्ति की स्थिति की निगरानी भी कर सकता है।



पैरों की थकान कम होने के साथ बढ़ेगा शरीर में ऊर्जा का संचार

विजय ने कहा कि एक्यूप्रेशर के दृष्टिकोण से यह तकनीक बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। यदि इनसोल में विशेष प्रेशर पॉइंट्स को ध्यान में रखते हुए डिजाइन तैयार किए जाएं, तो व्यक्ति को चलते-फिरते ही हल्का एक्यूप्रेशर लाभ मिल सकता है। इससे पैरों की थकान कम होने, शरीर में ऊर्जा का संचार बढ़ने, तनाव घटने और शरीर के संतुलन में सुधार जैसी संभावनाएं विकसित होती हैं।

बाल साहित्य शोध केंद्र में मातृ दिवस पर व्यक्त किए अपने भाव

भोपाल। बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र में आयोजित क्राफ्ट कार्यशाला के दौरान मातृ दिवस पर बच्चों ने माँ के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। शियाना तिवारी ने माँ को प्रथम गुरु बताया, वहीं मंशा प्रजापति ने कहा कि शब्दकोश का सबसे सुंदर शब्द माँ है। स्नेहा नामदेव, अमय, समीक्षा, साक्षी और आलिया सहित अन्य बच्चों ने भी माँ के प्रेम, संस्कार और मार्गदर्शन पर अपने विचार लिखे। कार्यक्रम की शुरुआत बाल साहित्यकार श्यामा गुप्ता दर्शना की कविता से हुई। सुधा दुबे और कल्पना राय ने भी माँ के सम्मान और महत्व पर विचार रखे। कार्यशाला में 30 बच्चे शामिल हैं।

'चिरोनूतोन शतो कंठे रवीगान' ने रचा रवींद्र संगीत का यादगार इतिहास

विभिन्न माध्यम से लगातार 8 महीनों तक अभ्यास, फिर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती के अवसर पर भोपाल में आयोजित 'चिरोनूतोन- शतो कंठे रवीगान' कार्यक्रम ने सांस्कृतिक जगत में एक छाप छोड़ी। राज्य संग्रहालय में रविवार को आयोजित भव्य संगीतमय संध्या में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी शामिल हुए। मुख्य अतिथि तपन भौमिक (पूर्व अध्यक्ष, मप्र पर्यटन रहे। इस आयोजन में भोपाल, इंदौर और रीवा से आए 100 से अधिक कलाकारों ने एक साथ मंच पर रवीन्द्र संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में टैगोर द्वारा रचित 17 गीतों को एक भावनात्मक श्रृंखला के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

प्रवासी बंगालियों के लिए जड़ों से जोड़ने का प्रयास

इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसकी तैयारी के लिए टीम नेऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से लगातार 8 महीनों तक अभ्यास किया। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम विशेष रूप से प्रवासी बंगालियों के लिए अपनी जड़ों, भाषा और सांस्कृतिक विरासत से दोबारा जुड़ने का एक सौभाग्यपूर्ण अवसर बनकर सामने आया। रवीन्द्र संगीत की सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से भी जोड़ दिया। साथ ही भारत के 11 राज्यों से जुड़े विभिन्न स्थानों पर अनेक कोरस समूहों ने एक साथ रवीन्द्र संगीत गाकर इस सांस्कृतिक उत्सव को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। हजार कंठे की इस अवधारणा ने टैगोर की विरासत को व्यापक मंच पर जीवंत कर दिया।

जनजातीय संग्रहालय में लोकनृत्य और लोकगायन की मनमोहक प्रस्तुतियां

गेड़ी, लांगुरिया नृत्य में नजर आई लोक संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है,रविवार को संतकुमार यहके एवं साथी, सिवनी द्वारा गोण्ड जनजातीय गेड़ी नृत्य, दिव्या सिंह चौहान एवं साथी,ग्वालियर द्वारा लांगुरिया नृत्य, राम भावसार एवं साथी, शाजापुर द्वारा भक्ति गायन, दिपाशा यादव एवं साथी खंडवा द्वारा निमाड़ी गायन की प्रस्तुति दी गई। गतिविधि में राम भावसार एवं साथी, शाजापुर द्वारा भक्ति गायन में गणेश वंदना बंसी बजी रे कान्हा तेरी मदन गोपाल एवं अन्य भजनों की प्रस्तुति दी।

इसके बाद दिपाशा यादव एवं साथी खंडवा द्वारा निमाड़ी गायन में गौरी गणेश ख मना वां गा हम गौरी गणेश ख मना वां गा..., जैसे अन्य लोक गीतों की प्रस्तुति दी। संतकुमार यहके एवं साथी, सिवनी द्वारा गोण्ड जनजातीय गेड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी। मुरिया जनजाति के मुख्य पर्व-त्यौहार में नवाखानी, जाड़, जात्रा और सेषा प्रमुख हैं। प्रत्येक व्यक्ति नृत्य गीत में समान रूप से दक्ष होते हैं। ककसार धार्मिक नृत्य-गीत है।

दिव्या सिंह चौहान एवं साथी, ग्वालियर ने दी लांगुरिया नृत्य की प्रस्तुति

लांगुरिया नृत्य राजस्थान के करौली जिले में कैला देवी के मेले में किया जाने वाला एक प्रमुख भक्तिपूर्ण और सामूहिक लोकनृत्य है। यह नृत्य हनुमान जी (जिन्हें स्थानीय स्तर पर लांगुरिया कहा जाता है) को समर्पित गीतों की धुन पर स्त्री-पुरुषों द्वारा किया जाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930